अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है कि हम ने पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को क्यों यह आज्ञा दे रखी है कि वह खुले तौर पर घूमे और जहां चाहे जाये जब कि हमारे हाई कमिश्नर को असली तथ्य जानने की यह छूट नहीं है। अब तो प्रश्न का अनुवाद भी कर दिया गया है। मंत्री महोदया इस से क्यों लाभ नहीं उठातीं ?

श्री दी० चं० शर्मा : वह डरती हैं।

श्रीमती लक्ष्मी मेनन : डरने का क्या प्रश्न है। सरकार ने हाई कमिशन को आज्ञा दी है और सदस्य महोदय का यह कहना कि हम ने घटनास्थानों पर जाने की खुली आज्ञा दे रखी है पूरी तरह ठीक नहीं है।

श्री हेम बरुआ : यह आज्ञा कलकत्ता में दी गयी थी .....

कुछ सदस्य खड़े हुए।

अध्यक्ष महोदय : शान्ति। शान्ति। क्या 10 माननीय सदस्य एक साथ बोलेंगे ? मेरी प्रार्थना है कि यहां कुछ तो शिष्टाचार होना चाहिये और इस स्वयं सदस्यों ने ही बनाये रखना है। बाहर से कोई इसे लागू करने नहीं आयेगा।

श्री हरि विष्णु कामत : आप मंत्री महोदय को इसकी व्याख्या करने को कहें।

अध्यक्ष महोदय : मैं जितनी भी जानकारी मिल सकती है लेने को तैयार हूं परन्तु हमें व्यवस्था बनाये रखनी है और इस प्रकार व्यवहार नहीं करना है।

श्री हरि विष्णु कामत : पिछला उत्तर स्पष्ट किया जाना चाहिये।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Mr. Speaker, my answer has not been properly given.

Mr. Speaker : The hon. member may take his seat. Shri Chaturvedi.

श्री श० ना० चतुर्वेदी : मंत्री महोदय द्वारा दिये गये उत्तर से लगता है कि सरकारों से स्तर पर विरोध करने के फलस्वरूप हमें कुछ लाभ नही हुआ। फिर भी हम पाकिस्तान और हमारे विदेश मंत्रीयों और गृह मंत्रियों की बातचीत और वार्ताओं के लिये क्यों इतने चिन्तित हैं जब कि वर्तमान संधियों और करारों की हर दिन अवज्ञा की जाती हो ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : केवल यही मामला नहीं है और मामले भी हैं। कुछ समय पूर्व जब पाकिस्तान के गृहमंत्री यहां आये थे तो उनके साथ कुछ मामलों के बारे में बातचीत की गई और यह निश्चय किया गया कि उनके बारे में आगे कार्यवाही की जाये। अत: अगली बैठक में उन प्रश्नों पर बातचीत की जावेगी।

श्री स० मो० बनर्जी : माननीय मंत्री महोदय के उत्तर से ऐसा विदित होता है कि केवल पश्चिमी-पाकिस्तान में ही नहीं अपितु पुर्वी-पाकिस्तान में भी अल्पसंख्यकों का बहुत बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन किया गया है। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा है कि राजनयिक तथा अन्य प्रकार के विरोध किये जाने पर भी सफलता नहीं मिली है। सरकार ने इस प्रयोजन के लिए 'मानव' अधिकार आयोग अथवा अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सेवाओं का उपयोग क्यों नहीं किया ? इस सम्बन्ध में कौन सी अड़चन आई है ? क्या सरकार ने इन संस्थाओं से बातचीत की है ?

श्री दी० चं० शर्मा : सरकार को इस विषय में सोचने का अवकाश नहीं है।

श्रीमती लक्ष्मी मेनन : मैंने पहिले ही बता दिया है कि इन विरोध पत्रों के परिणामस्वरूप हमें एक स्पष्टीकरण मिला है जिससे हमें सन्तोष नहीं हुआ है किन्तु यह सम्भव है कि विश्व के अन्य देश इस

स्पष्टीकरण को सन्तोषजनक समझें कि.....

श्री स० मो० बनर्जी : क्या आप सन्तुष्ट हैं.....

श्री रघुनाथ सिंह : विश्व के अन्य देशों का इससे सम्बन्ध नहीं है। यह मामला हमारा है और भारत का ही इससे सम्बन्ध है।

श्री हेम बरुआ : एक औचित्य प्रश्न है.....

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Sir, the replies given by the hon. Minister lack full information that is why Members are not satisfied with them.

Mr. Speaker : The hon. Members may resume their seats so that we may proceed further.

श्री हेम बरुआ : मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्य से संरक्षण चाहता हूं। वह अपने स्थान पर बैठ जायें। मैं उन्हें पुकारूंगा। पहिले उत्तर समाप्त होने दीजिये।

श्रीमती लक्ष्मी मेनन : क्या मैं यह बता सकती हूं कि धर्म-परिवर्तन पाकिस्तान में होता है और यह केवल पाकिस्तानी नागरिकों का ही होता है ?

श्री हेम बरुआ : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि आपने समय समय पर निर्णय दिये हैं कि जब सदस्य लोग अनुपूरक प्रश्न पूछते हैं तो सरकार को स्पष्ट उत्तर देना चाहिए। किन्तु यहां पर प्रश्न के बारे में सही सूचना अथवा जानकारी नहीं दी जा रही है, मंत्री महोदया ने कहा.....

अध्यक्ष महोदय : मैं उनकी बात से सहमत हूं, इसे बार-बार दुहराने की आवश्यकता नहीं है।

श्री हेम बरुआ : उन्होंने अभी कहा है कि पाकिस्तान के द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण से हमें सन्तोष नहीं हुआ है किन्तु संसार के लिए यह सन्तोषजनक है ; तो क्या वह विश्व तथा पाकिस्तान की ओर से हमारे विरुद्ध प्रचार नहीं कर रहीं हैं ?

अध्यक्ष महोदय : क्या माननीय सदस्य यह विश्वास करते हैं कि इस बात के बार-बार दुहराये जाने से देश को लाभ हुआ है ?

श्री हेम बरुआ : जी हां, क्योंकि मंत्री महोदया इससे भविष्य में सतर्क रहेंगी।

अध्यक्ष महोदय : मुझे दिये गये उत्तर के लिए खेद है। दोनों को ही सतर्क रहने की आवश्यकता है।

श्री दी० चं० शर्मा : हमारे पास इसका उपचार ही क्या है ?

श्री स० मो० बनर्जी : मंत्री महोदया ने एक हानिकारक वक्तव्य दिया है। इसका स्पष्टीकरण किया जाना चाहिये।

श्री हरि विष्णु कामत : आपकी लताड़ के बाद मंत्री महोदया को सारे मामले का स्पष्टीकरण करना चाहिये। आपकी चेतावनी कठोर थी।

श्रीमती लक्ष्मी मेनन : मैंने कहा कि इस स्पष्टीकरण से हमें सन्तोष नहीं हुआ है, दुनिया के लिये यह सन्तोषजनक हो सकता है .....

श्री हरि विष्णु कामत : आपको कैसे पता है ? वह स्थिति को और भी गम्भीर बना रही हैं, ऐसा नहीं हो सकता है। क्या वह विश्व की मंत्री हैं अथवा भारत की ?

श्री लाल बहादुर शास्त्री : मेरे विचार में मंत्री महोदया का आशय यह नहीं था कि यदि इस मामले को किसी वाह्य संगठन अथवा संस्था को सोंप दिया जाये तो हमारी बदनामी होगी, वास्तविक तथ्य यह है कि इस मामले को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना सरल नहीं है और मेरे विचार से यदि इसे संयुक्त राष्ट्र संघ में भी ले जाया जाये तो भी कुछ लाभ नहीं होगा। तथापि यह एक ऐसा मामला है जो सदा ध्यान में रखना पड़ेगा और इस सम्बन्ध में हमें पाकिस्तान से बातचीत करनी पड़ेगी तथा यथासम्भव इसे रोकने का प्रयत्न करना पड़ेगा।

अध्यक्ष महोदय : अगला प्रश्न। श्री बृजराज सिंह।

श्री हरि विष्णु कामत : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके निर्णय का समुचित आदर करते हुये यह कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदया का अपने वक्तव्य में बार-बार यह कहना कि पाकिस्तान द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण भारत के लिये नहीं किन्तु संसार के लिए सन्तोषजनक है, एक अनुचित बात है। राज्य मंत्री महोदया सरकार की ओर से बोलती हैं---जैसा कि आपने कई अवसरों पर कहा है---वे संसार का भ्रमण करते हैं, लोगों की प्रतिक्रिया मालूम करते हैं और वे भारत की ओर उदासीन रहकर वाह्य संसार को महत्व देते हैं, अतः वे भारत सरकार के मंत्री न होकर अन्य देशों के मंत्री हैं, ऐसी अवस्था में उन्हें भारतवर्ष छोड़कर चला जाना चाहिये (**अन्तर्बाधायें**)

अध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदया के दिमाग में क्या बात थी यह तो मुझे मालूम नहीं किन्तु यह दुखकी बात है कि उन्होंने इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया। इससे ऐसा विदित होता है कि इस मामले में हमारी ओर से कमजोरी है अतः इस सम्बन्ध में औरों को यह स्पष्टीकरण सन्तोषजनक लग सकता है। चूंकि मेरा यह विषय नहीं है और इस पर आलोचना करना भी मुझे उचित नहीं लगता है तथापि मैं यह कहना आवश्यक समझता हूं कि इस प्रकार के वक्तव्य दिये जाने से पहिले उन पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए। चूंकि प्रधान मंत्री महोदय ने यह स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि इस मामले को बाहर ले जाना सरकार को उचित नहीं लगा है क्योंकि वहां पर अन्य सरकारों का विभिन्न दृष्टिकोण होता है जो कि मामले के गुणावगुणों को ही केवल ध्यान में रखकर निर्णय नहीं लेते हैं। सम्भवतः मंत्री महोदया का उत्तर का मुख्य आशय भी वही था तथापि शब्दों का प्रयोग बहुत सावधानी से किया जाना चाहिए।

श्री हरि विष्णु कामत : आपने उनका बचाव किया है।

श्री दी० चं० शर्मा : हमें अत्याचारों की भी शिकायत मिलती है।

अध्यक्ष महोदय : श्रीमती सावित्री निगम।

श्रीमती लक्ष्मी मेनन : चूंकि मेरी बात का गलत अर्थ लगाया गया है अतः मैं आपको तथा इस सदन को इस बारे में स्पष्टीकरण दूंगी.....

श्री कपूर सिंह : हम अब उनकी कोई बात नहीं सुनना चाहते।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : उस भाग को वृतान्त कार्यवाही से निकाल दिया जाये।

श्री कपूर सिंह : वह मामले को और भी गम्भीर रूप देगी।

अध्यक्ष महोदय : मैंने श्रीमती सावित्री निगम को पुकारा है।

वस्तुओं के रूप में मजूरी का आंशिक भूगतान

*491. श्रीमती सावित्री निगम :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री० स० मो० बनर्जी :
श्री दाजी :
श्री ओझा :
श्री जं० ब० सिं० विष्ट :

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जुलाई, 1964 में हुए त्रिपक्षीय भारतीय श्रमिक सम्मेलन के इस निर्णय को लागू करने में क्या प्रगति हुई है कि श्रमिकों को उनकी मंजूरी का आंशिक भूगतान नियंत्रित भावों पर अत्यावश्यक वस्तुओं के रूप में करने का प्रबन्ध किया जाना चाहिए ;

(ख) क्या संबंधित मंत्रालयों ने इस निर्णय की क्रियान्विति तथा इसके वित्तीय पहलू के बारे में अभी तक कोई अन्तिम निश्चय नहीं किया है ;

(ग) योजनाओं के तैयार करने में होने वाले इस विलम्ब पर कार्मिक संघों की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) औद्योगिक सम्बन्धों में तनाव दूर करने के लिए इस संदर्भ में निर्वाह व्यय के आधार पर महंगाई भत्ता देने के प्रश्न पर कहां तक विचार किया गया है ?

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री संजीवय्या) : (क) जसा कि भारतीय श्रम सम्मेलन ने सिफारिश की थी, 'वस्तुओं के रूप में मजूरी की अदायगी सम्बन्धी योजना' और 'उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए विधान के बारे में प्रस्ताव' दोनों के व्यौरे तैयार करने के लिए औद्योगिक शांति संकल्प सम्बन्धी स्थायी समिति की बैठक 13 नवम्बर, 1964 को नई दिल्ली में हुई। समिति ने वस्तु के रूप में मंजूरी की अदायगी की योजना को व्यवहार्य नहीं समझा और उसने सिफारिश की कि उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए मालिकों को मजबूर करने के लिए सरकार को शीघ्र ही विधान बनाना चाहिए और इन दुकानोंको बंगलौर में हुए भारतीय श्रम सम्मेलन द्वारा सिफारिश की गई कीमतों पर छः वस्तुएं सप्लाई करनी चाहिए अर्थात चावल, गेहूं और चीनी सामान्य उचित मूल्य की दुकानों में प्रचलित भावों और मानों पर तथा कपड़े की दो किस्में, दालें और खाना पकाने के तेल आदि चिकने पदार्थ निकटतम थोक मंडी के थोक भावों पर। इस प्रकार वस्तु के रूप में मंजूरी की अदायगी सम्बन्धी योजना की मुख्य बातें उचित मूल्य की दुकान सम्बन्धी विधान में शामिल कर ली जायेंगे। स्थायी समिति ने पहले के निर्णय को दोहराते हुए कहा कि उचित मूल्य की दुकानों को यथाशीघ्र सहकारी भंडारों के रूप में बदल देना चाहिए। तदनुसार शीघ्र ही इस सम्बन्ध में एक विधेयक पेश करने का विचार है।

(ख) कुछ मंत्रालयों ने कुछ सुझाव दिए हैं जो विचाराधीन हैं।

(ग) मजदूर संघों को विदित है कि शीघ्र ही इस सम्बन्ध में विधान बनाया जायगा।

(घ) प्रवृत्ति निर्वाह सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ता देने की है और अनेक उद्योगों में इसका ज्यादा से ज्यादा अनुसरण किया जा रहा है।

श्रीमती सावित्री निगम : क्या श्रमिकों तथा मजदूरों को अत्यावश्यक खाद्य वस्तुऐं उधार दी जावेंगी अथवा उनके लिये उन्हें नगद भुगतान करना पड़ेगा ?

श्री संजीवय्या : उन्हें सामान उधार दिया जायेगा ।

श्रीमती सावित्री निगम : क्या यह योजना गैर सरकारी उद्योगों में प्रारम्भ की जावेगी अथवा सरकारी उद्योगों.....

श्री संजीवय्या : दोनों में ।

श्रीमती सावित्री निगम : और यदि हां, तो इस में कितना समय लगेगा ?

Shri Bibhuti Mishra : May I know the quantity of foodgrains such as rice, flour and sugar that would be made available to a family for a week after the fair price shops are opened ?

The Deputy Minister in the Ministry or Labour and Employment (Shri R. K. Malaviya) : The quantity of foodgrains to be given to the members of a family will be decided by the State Governments which will also arrange for supply of foodgrains.

Shri K. N. Tiwary : The hon. Minister has said that the Committee has made certain recommendations. May I know as to what these recommendations are and the time by which they would be implemented ?

Shri R. K. Malaviya : The Committee arrived at detailed conclusions.

Mr. Speaker : They have been laid on the Table of the House. [**Placed in Library, see No. LT3612/64**]

श्री प्र० चं० बरुआ : यह सुनिश्चित करने के लिये क्या व्यवस्था की जा रहा है कि दुर्लभ वस्तुओं जैसे कि अनाज, की नियमित रूप से सप्लाई होती रहे और उन्हें क्या दण्ड देने का विचार किया गया है जो दुर्लभ अनाजों की कमी अथवा उनके उपलब्ध न होने के कारण मजदूरों को उनकी मजूरी की भुगतान नहीं कर सकते हैं ?

श्री संजीवय्या : उचित मूल्य-वाली दुकानों तथा स्टोरों में पर्याप्त मात्रा में सामान भेजने के लिये केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार दोनों ही व्यवस्था करेंगे । जहां तक दण्ड देने की व्यवस्था का सम्बन्ध है हम उस पर अवश्य विचार करेंगे ।

श्री स० मो० बनर्जी : क्या यह सच है कि सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों के दिमाग में छिपा हुआ भय है कि इस योजना के क्रियान्वित होने पर उनके महंगाई भत्ते में कमी कर दी जायेगी, यदि हां, तो यह कहां तक सही है ? क्या मजदूर-संस्थाओं का कोई आश्वासन दिया गया है कि ऐसा नहीं किया जावेगा ?

श्री संजीवय्या : महंगाई भत्ता बढ़ाया जावेगा अथवा घटाया जावेगा, इस सम्बन्ध में यहां पर कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है क्योंकि यह निर्वाह-व्यय सूचनाक पर आधारित होता है ।

श्री स० मो० बनर्जी : आप मेरे प्रश्न का आशय नहीं समझे हैं । योजना के अन्तर्गत सप्लाई....

अध्यक्ष महोदय : मैं कोई भी चीज की सप्लाई नहीं कर रहा हूं । माननीय सदस्य, अध्यक्षपीठ को सम्बोधित करें ।

श्री स० मो० बनर्जी : जी, मुझे खेद है ।

अध्यक्ष महोदय : इसी बात का ध्यान रखने के लिए तो मैं सदस्यों से कह रहा हूं। अब तीन वर्षों के बाद भी मुझे प्रत्येक सदस्य को यह बताना पड़ रहा है कि उन्हें अध्यक्ष को सम्बोधन करना चाहिए, न कि सीधा दूसरों को।

श्री स० मो० बनर्जी : प्रश्न यह था कि उपभोक्ता सहकारी समिति योजना के चालू किए जाने पर श्रमिकों के मन में यह आशंका तथा भय है कि उनको अपने महंगाई भत्ते का कुछ भाग खोना पडेगा, क्योंकि इस योजना के अन्तर्गत उनको कुछ वस्तुएं दी जायंगी। इसलिए, क्या मंत्रालय ने श्रमिकों के संगठन को आश्वासन दिया है कि इस योजना के चालू होने से उनके मंहगाई भत्ते में कोई कटौती नहीं की जाएगी ?

श्री संजीवय्या : इस योजना के कारण महंगाई भत्ते में कोई कटौती नहीं की जाएगी। परन्तु उपभोक्ता मूल्यों के देशनांक बनाने के मामले में उचित मूल्य की दूकानों द्वारा चीजों की ली गई कीमतें सम्मिलित की जाएंगी और इसलिए हो सकता है कि निर्वाह व्यय के देशनांक कम हो जाएं जिनके फलस्वरूप महंगाई भत्ता घट जाए।

श्री द्वारकानाथ तिवारी : माननीय मंत्री ने बताया कि श्रमिकों को दिए जाने वाले राशन की मात्रा को निर्धारित करने का काम राज्य सरकारों का होगा। परन्तु हमारे अनुभव से तो रेलवे तथा ऐसे अन्य अत्यावश्यक उपक्रमों में केन्द्रीय सरकार ही राशन की मात्रा के संबंध में प्रबन्ध करती है। अतएव क्या मैं यह जान सकता हूं कि केन्द्रीय तथा राज्य उपक्रमों में दिए जाने वाले राशन की मात्रा के सम्बन्ध में क्या तरीका होगा ?

श्री संजीवय्या : जहां तक केन्द्रीय उपक्रमों का संबंध है, हम इस बात का ध्यान रखेंगे कि केन्द्रीय सरकार ही सप्लाई करे, परन्तु पूरा प्रश्न विचाराधीन है।

Shri Bhagwat Jha Azad : Are Government in a position to state that in view of the present constant increase in prices and non-availability of essential Commodities, when the scheme for providing these five essential commodities will be implemented?

Shri R. K. Malaviya : In order to implement the scheme we are making legislation and the scheme will be implemented after it is enacted.

Shri Bhagwat Jha Azad : It means that at present this scheme is merely at thinking stage.

श्री शिवचरण माथुर : लगभग एक वर्ष पहले राजस्थान सरकार ने मंहगाई भत्ते को निर्वाह-व्यय देशनांक के साथ जोड़ने की संभावना के प्रश्न पर विचार करने के लिए प्रो० एम० वी० माथूर की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की थी। उस समिति के प्रतिवेदन का क्या हुआ ?

श्री संजीवय्या : इस समय बताने में मैं असमर्थ हूं।

श्री नम्बियार : इस तत्थ्य को दृष्टि में रखते हुए कि चावल जैसी अत्यावश्यक वस्तुओं के वितरण के मामले में केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को सम्मिलित करने को सरकार तैयार न थी, क्या सरकार अब इस बात का ध्यान रखेगी कि उन लोगों को भी विचाराधीन प्रस्तावित योजना में सम्मिलित कर लिया जाए ?

श्री संजीवय्या : जी हां। इस संबंध में कानून के लागू हो जाने से पहले इन सब बातों पर विचार कर लिया जाएगा।

Shri Yash Pal Singh : We have been listening this thing for over a year. If Government introduce this scheme in the Capital, the States will also follow it. May I know the time by which Government contemplates to implement this scheme in Delhi ?

Shri R. K. Malaviya : The proposed legislation will be introduced in factories employing three hundred or more workers. There are about 60 per cent such establishments where fair-price shops or consumer co-operative stores have started functioning. The difficulties faced in the remaining factories have created the need for this legislation. Some of these fair-price shops have been started in Delhi also. After this legislation the factories which have not so far opened such stores, will also do it.

Shri Rameshwaranand : May I know whether these facilities will be extended only to the workers of Central and State Governments or non-Government workers and farmers who have also been facing the shortage of foodgrains etc. will also be benefited by these facilities ?

Shri R. K. Malaviya : As far as the distribution of cheap grain is concerned, this will be for all. This legislation will apply to those factories which employ three hundred of more workers.

Shri Rameshwaranand : Mr. Speaker.....

Mr. Speaker : The hon. Member has stated that it will be applicable to all.

Shri Rameshwaranand : He is saying about three hundred men.

Shri R. K. Malaviya : The scheme about fair-price shops will be applicable to all.

श्री रा० ग० दुबे : यदि यह योजना सफल होती तो जो अनाज खुले आम बाजार में उपलब्ध नहीं है उनको सप्लाई करने का प्रश्न उठता है। अतएव, क्या सरकार विभिन्न कारखानों में जहां पर यह योजना चालू की जानी है, अनाजों को सप्लाई करने का प्रबन्ध करेगी।

श्री संजीवय्या : मैं पहले ही बता चुका हूं कि इन सब बातों पर विचार किया जाएगा।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Pak High Commission in India

*490. **Shri Brij Raj Singh :** Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Pakistan High Commission in India has become the Centre of anti-Indian propaganda these days ;

(b) whether it is also a fact that on the 22nd September, 1964 the first Secretary of the Pakistan High Commission delivered an anti-Indian speech in the Jama Masjid area at the time of 'Namaz' in which he tried to excite the communal feelings; and

(c) if so, the action taken by Government in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shrimati Lakshmi Menon) : (a) The Pakistan High Commission has been circulating propaganda material for quite sometime.

(b) No such information has come to Government's notice.

(c) In a note sert to all Foreign Missions in India, on 10th November, 1964, Government have invited their cooperation in ensuring that no publicity or propaganda hostile to or unfriendly towards India is disseminated through any of the agencies of the Missions.

"रीजनल पासपोर्ट आफिसर" का "मिनियेचर सेक्रेटेरियट"

*492. **श्री अ० व० राघवन :**
श्री पोट्टेकाट्ट :

क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 13 अक्तूबर, 1964 को जालन्धर पुलिस ने 'रीजनल पासपोर्ट आफिसर', नई दिल्ली के एक "मिनियेचर सेक्रेटेरियेट" (छोटे सचिवालय) का पता लगाया था ;

(ख) इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति पकड़े गये थे तथा उनके नाम क्या हैं ; और

(ग) पुलिस ने किस प्रकार के कागज़ात तथा वस्तुएं पकड़ी हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) ज़ाहिर है कि माननीय सदस्य उस घटना का हवाला दे रहेहैं जिसमें कि पुलिस ने जालंधर में एक मोटर कार से एक अटैची केस पकड़ा था ; यह मोटर कार ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी द्वारा संदेह होने पर रोकी गई थी ।

(ख) तीन ; अमृत लाल, कृष्ण कुमार, और जसवंत सिंह ।

(ग) अटैची केस में जो चीज़े पकड़ी गई, उनमें प्रामाणिक और झुठे पासपोर्ट, कुछ लोगों के फोटो चित्र है और अन्य सामग्री थी, जैसे--नम्बर लगानेवाली मशीनें, रबड़ की मोहरें, आदि--जो पासपोर्ट तैयार करने के काम आती हैं ।

मंत्रालयों के बीच विषयों का वितरण

*493. **श्री जं० व० सिं० बिष्ट :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न मन्त्रालयों के बीच सुव्यवस्थित आधार पर विषयों का वितरण करने के बारे में मन्त्रीमण्डल सचिव का प्रतिवेदन सरकार को मिल गया है, और

(ख) यदि हां, तो सचिव ने क्या विशिष्ट प्रस्ताव दिये हैं तथा उनको कार्यान्वित करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) मंत्रिमण्डल सचिव को विभिन्न मंत्रालयों के बीच सुव्यवस्थित आधार पर विषयों का वितरण करने के बारे में प्रतिवे दन प्रस्तुत करने के लिए नहीं कहा गया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

गुलमर्ग में वेधशाला

*494. **श्री श्यामलाल सर्राफ :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) काश्मीर में गुलमर्ग स्थित वेधशाला को पूर्णतया सुसज्जित करने में अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या इस **कास्मिक किरण वेधशाला** को एक अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र बनाने का विचार है ;

(ग) यदि हां, तो इस उद्देश्य की पूर्ति कब तक हो जाने की सम्भावना है ; और

(घ) क्या इस कार्य में अन्य विदेशी सरकारें भी अपना सहयोग देंगी ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) गुलमर्ग स्थित **परमाणु ऊर्जा विभाग** की **हाई आलटेटयूड कास्मिक रे प्रयोगशाला** में अब ऐसी मूल सुविधाऐं सुलभ हैं जिनसे कास्मिक किरण तथा वातावरण और ऊंचाई सम्बन्धी अनुसंधान कार्य किये जा सकते हैं।

(ख) जी नहीं ।

(ग) तथा (घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

मंत्रियों का विदेशों का दौरा

*495. **श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवदी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि : क्या विदेशों का दौरा करने वाले केन्द्रीय मंत्रियों के लिये कोई आचरण संहिता है और क्या उनको इस बात का अधिकार है कि वे उन समस्याओं पर चर्चा करने के लिये, जिनका उनके मंत्रालयों से कोई संबंध नहीं है, अन्य देशों के सरकारी प्रतिनिधियों से मिल सकते हैं ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : विदेश जानेवाले केन्द्रीय मंत्रियों के लिए किसी प्रकार की आचार-संहिता बनाने का कोई प्रश्न नहीं है। वे भारत सरकार के प्रतिनिधि होकर जाते हैं और विदेशी सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने पर उनके लिए ऐसी कोई रोक नहीं है कि वे अपने मंत्रालयों से असंबद्ध विषयों पर विचार-विमर्श न कर सकें।

खनिकों के लिए जूतें

*496. **श्री पोट्टकाट्टु :**
श्री किशन पटनायक :
श्री हेम बरुआ :
श्री योगेन्द्र झा :
श्री मोहन स्वरूप :
डा० रानेन सेन :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री स० मो० बनर्जी .
श्री राम सेवक यादव :
श्री सोलंकी :
श्री नम्बियार :
श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :
श्री अल्वारेस :
श्री कोल्ला वैंकैया :
डा० उ० मिश्र :

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयलाखानों में काम करने वाले मजदूरों के लिए कुछ लाख जोड़ी जूते देने के लिए मेसर्स रूबी इंडस्ट्रीज़, कानपुर को कोई ठेका दिया गया था और यदि हां, तो क्या इसके लिए टेंडर आमंत्रित किये गये थे ;

(ख) क्या फर्म द्वारा घटिया किस्म के जूते दिये जाने के बारे में तथा इतने बड़े आर्डरों को पूरा करने की उसकी क्षमता के बारे में अनेक व्यक्तियों से बहुत सी शिकायतें प्राप्त हुई थीं ;

(ग) क्या मालिकों और मज़दूरों पर ज़ोर डालकर फर्म को आर्डर दिलाने में सरकारी शासनतंत्र को प्रयोग में लाया गया था ;

(घ) क्या फर्म की प्रार्थना पर मूल ठेके में स्वीकृत जिन मूल्यों पर जूतों का दिया जाना निश्चित हुआ था उनको भूतलक्षी प्रभाव से बढ़ा दिया गया था और अन्य फर्मों से जूतों के मूल्य आमंत्रित नहीं किये गये थे ; और

(ड.) इस सौदे में भारी रकम लगी होने के कारण तथा गरीब मज़दूरों को हुई भारी हानि को ध्यान में रखते हुए, क्या सरकार का विचार इस मामले में कोई जांच कराने का है ?

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री संजीवय्या) : (क) टैंडर आमंत्रित करने के बाद मैसर्स रूबी इंडस्ट्रीज़, कानपुर के साथ $2\frac{1}{2}$ लाख जोड़ी जूते सप्लाई करने के लिए एक समझौता हुआ था ।

(ख) कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं । जहां तक सप्लाई किए गए जूतों की किस्म का सवाल है, इन्सपेक्टोरेट आफ टैक्सटाइल्स एन्ड क्लोदिंग, कानपुर (प्रतिरक्षा मंत्रालय) ने, जिन्होंने शिकायत किए गए जूतों के नमूनों का निरीक्षण किया है, रिपोर्ट दी है कि जूतों की बनावट और सामग्री विशिष्ट निर्देशों के अनुसार पाई गई है । जहां तक इस फर्म की क्षमता का प्रश्न है, 31 अक्तूबर, 1964 तक 1,84,719 जोड़ों के लिए दिए गए इंडैंट में से फर्म ने अब तक 1,64,614 जोड़े सप्लाई कर दिए हैं ।

(ग) ये जूते श्रम न्यायाधिकरण के पंचाट के अंतर्गत देने आवश्यक हैं । उचित कीमत पर अपेक्षित किस्म के जूते प्राप्त करने की जिम्मेदारी **संयुक्त क्रय सलाहकार** समिति की है जो कि त्रिपक्षीय निकाय है । सरकारी एजेंसियों ने मालिकों को श्रमिकों के जूतों के आर्डर देने के लिए प्रेरित करने और सप्लायर को उनकी शीघ्र सप्लाई करने के लिए सहायता की ।

(घ) विवाचक के पास पक्षों द्वारा दी गई समझौता याचिका के अनुसार दिए गए विवाचन पंचाट, दिनांक 24 अगस्त, 1962 के अनुसार जूतों की कीमतें बढ़ा दी गई थीं । ये बढ़ी हुई दरें केवल उन जूतों के बारे में थीं जो कि 1 सितम्बर, 1962 के बाद सप्लाई किए गए थे ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

पाकिस्तानियों द्वारा युद्ध-विराम रेखा का उल्लंघन

*497. **श्री रामेश्वर टांटिया :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 26 नवम्बर, 1964 को पाकिस्तानी सैनिकों ने काश्मीर के टिथवाल और गुरेज़ क्षेत्रों में 6 बार युद्ध विराम रेखा का उल्लंघन किया ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बंधी विवरण क्या है ;

(ग) हमारी कुल कितनी क्षति हुई ; और

(घ) क्या संयुक्त राष्ट्र प्रेक्षकों को कोई विरोध-पत्र भेजा गया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) 26 नवम्बर, 1964 को पाकिस्तानी सैनिकों ने टिथवाल क्षेत्र में 4 बार युद्ध विराम रेखा का उल्लंघन किया और कुपवाड़ा क्षेत्र में दो बार (कुपवाड़ा टिथवाल और गुरैज़ के मध्य में है)। तदपि गुरज़ क्षेत्र में उस दिन कोई घटना नहीं हुई।

(ख) इन उल्लंघनों के विस्तारों के संबंध में एक विवरण पुस्तकालय में रख दिया गया है। (**देखिए संख्या एल० टी०** 3613/64)।

(ग) अपनी ओर की कोई जन-हानि नहीं हुई।

(घ) एक मामले में युद्ध विराम रेखा उल्लंघन संबंधी शिकायत कर दी गई है; और शेष 5 मामलों की ओर संयुक्त राज्यों के प्रेक्षकों का ध्यान आकर्षित कर दिया गया है।

Naga Hostiles

*498. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
Shri Bade :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Rameshwaranand :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Rameshwar Tantia :
Shri Vishwa Nath Pandey :
Shri Yamuna Prasad Mandal :
Shri Bal Krishna Singh :
Shrimati Savitri Nigam :

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a group of 250 Naga hostiles has been posted at a cantonment located at 15 miles south-east of Mococchung in Nagaland ;

(b) whether it is also a fact that other three groups of similar kind are also active in other areas ;

(c) whether it is also a fact that their four groups consisting of about 1000 rebels are trying to go to East Pakistan *via* Burma through dense forests ;

(d) whether the aforesaid information was obtained from a Naga rebel arrested on the border ; and

(e) if so, the action taken by Government to curb the anti-national activities of Nagas and to see that they might not get time for preparations under the pre-text of peace talks ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shrimati Lakshmi Menon): (a) & (b) Hostile groups of Nagas are known to be in various camps in Nagaland. It is not considered appropriate in the interest of security to disclose any details of our information on their locations.

(c) About 1300 hostile Nagas have crossed over into Burma on their way to Pakistan. Reports of others going across are not so far confirmed.

(d) No Sir.

(e) The cases of violation of the agreement on the suspension of operations in Nagaland have been brought to the notice of the Underground leaders through the Peace Mission. To enable the Security Forces to take action against hostile Naga groups on our border, the Governor of Nagaland has declared a three-mile

belt, along the international border, in certain areas to be a disturbed area. The Chief Commissioner, Manipur, has also taken appropriate action in regard to the Manipur border with Burma.

रेडियो संचार रिले सेंटर

*499. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री 21 सितम्बर 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 318 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका तथा ब्रिटेन की सरकारों द्वारा हिन्द महासागर क्षेत्र में संयुक्त रेडियो संचार रिले सेंटर स्थापित करने के बारे में और कोई जानकारी मिली है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बाते क्या हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी मेनन) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

आयुध कारखाना, वरनगांव

*500. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बागड़ी :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री यु० सिं० चौधरी :
श्री ओंकार लाल बरवा :
श्री गुलशन :
श्री राम हरख यादव :
श्री मुरली मनोहर :
श्री रामसेवक :
श्री फ० गो० सेन :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीकी सहायता से वरनगांव (महाराष्ट्र) में एक आयुध तथा गोला बारूद कारखाना चालू किया गया है ;

(ख) भारत में शस्त्रास्त्रों के अधुनिकीकरण तथा स्तरीकरण की दिशा में यह कारखाना किस सीमा तक महत्वपूर्ण सिद्ध होगा ; और

(ग) **क्या सरकार का विचार शीघ्र ही एक और कारखाना** चालू करने का है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) जी हां ।

(ख) इस कारखाना द्वारा 7.62 एम० एम० के लिए सेवाओं की बढ़ी आवश्यकताओं के पूरा होने की आशा है ।

(ग) जी नहीं ।

अवाड़ी में मध्यम आकार के टैंकों के परीक्षण

*501. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री रामसेवक :
श्री फ० गो० सेन :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अवाड़ी टैंक फैक्टरी में निर्मित मध्यम आकार के टैंकों के प्रदर्शन परीक्षण किये गये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो कब तथा क्या उनका काम बिल्कुल ठीक पाया गया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) आवाड़ी टैंक कारखाने में निर्मित किए जाने वाले नए मीडियम टैंक का 25 अक्तूबर 1964 को अहमदनगर में प्रदर्शन किया गया था। इस उद्देश्य के लिए प्रयुक्त किया टैंक, सर्वश्री विकर्ज़ आर्मस्ट्रांग (इंजीनियर्ज़) लिमिटिड, यू० के० द्वारा निर्मित आदि-रूप टैंक था, जो टैंक के अभिकल्यन और निर्माण के लिए सहयोग देने वाले हैं। आवाड़ी टैंक कारखाने में तैयार होने वाला टैंक इस आदिरूप के अन्तिम ब्यौरों के अनुरूप होगा।

(ख) परीक्षणों के फलस्वरूप, इस टैंक का निष्पादन बहुत हद तक, उन अभिकल्यन ब्योरों के अनुरूप पाया गया है, जो सर्वश्री विकर्ज़ आर्मस्ट्रांग (इंजीनियर्ज़) लिमिटिड, यू० के० तथा भारत सरकार के दर्मियान तय हुए, ठेके में शामिल थे। सहयोग देने वाले उन आवश्यक परिवर्तनों को कार्यान्वित कर रहे हैं, जो हमने परीक्षणों के दौरान उन्हें सूचित किए हैं।

विमान दुर्घटना

*502. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या **प्रतिरक्षा मंत्री** 14 सितम्बर, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 170 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय वायुसेना के विमानों की दुर्घटनाओं के कारणों की जांच करने के लिए मंत्रि-मंडल सचिव की अध्यक्षता में नियुक्त की गई समिति ने इस बीच प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके मुख्य निष्कर्ष तथा उपपत्तियां क्या है ; और

(ग) क्या प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा जायेगा ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी हां।

(ख) समिति की सिफारिशों का संक्षिप्त विवरण पुस्तकालय में रख दिया गया है। (**देखिए संख्या एल० टी०** 3614/64)।

(ग) संक्रियात्मक ब्योरे को छोड़ कर समिति की रिपोर्ट पुस्तकालय में रख दी गई है (**देखिए संख्या** 3615/64)।

पटसन श्रमिकों के बारे में बोनस प्रतिवेदन

*503. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटसन श्रमिकों को हाल में बनाये गये मजूरी बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर बोनस मिल रहा है ;

(ख) क्या भारतीय राष्ट्रीय कार्मिक संघ तथा अखिल भारतीय कार्मिक संघ के पश्चिम बंगाल के राज्य एककों ने अब लाभ के अंश के रूप में बोनस की मांग की है जैसा कि बोनस आयोग के प्रतिवेदन में कहा गया है ;

(ग) मजूरी बोर्ड की सिफारिशें बोनस आयोग के प्रतिवेदन से कहां तक निष्प्रभावी होती है ; और

(घ) क्या पटसन सम्बन्धी औद्योगिक समिति ने इस मामले में कोई निदेश दिया है ?

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री संजीवय्या) : (क) और (ख) : जी हां ।

(ग) और (घ) इस मामले में पक्षों द्वारा भिन्न भिन्न विचार व्यक्त किए गए हैं और इस पर 19 दिसम्बर, 1964 को जूट सम्बन्धी औद्योगिक समिति द्वारा विचार किया जायगा ।

दिल्ली के लिए टेलीविज़न कार्यक्रम

*504. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री हुकमचन्द कछवाय :
श्री बड़े :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री गौरी शंकर कक्कड़ :
श्री यु० द० सिंह :
श्री दी० चं० शर्मा :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री किशन पटनायक :
श्री मधु लिमये :

क्या **सूचना** और **प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के लिये दैनिक नियमित टेलीविज़न कार्यक्रम की व्यवस्था करने का काम पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी अनुमानित लागत क्या है ; और

(ग) इसका कब उदघाटन होने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ग) आजकल जो सीमित टेलीविज़न प्रोग्राम दिल्ली से प्रसारित किय जाते हैं, 26 जनवरी, 1965 से उनके विस्तार के इन्तज़ाम हाथ में ले लिये गये हैं । उद्देश्य यह है कि तजर्बे से यह मालूम किया जाये कि कौनसे प्रोग्राम शिक्षात्मक होने के साथ साथ लोकप्रिय भी होंगे और इन के आधार पर ही आइन्दा प्रोग्रामों के लिये सामग्री तैयार की जायेगी । सामाजिक और शिक्षात्मक प्रोग्राम जो आजकल सिर्फ दो बार प्रसारित होते हैं इनको हर शाम प्रसारित किया जायेगा और बाकी के प्रोग्राम बड़े हो रहे लड़के-लड़कियों के लिये मनोरंजन और शिक्षा का सामान मुहैया करेंगे ।

(ख) इस व्यवस्था को दो हिस्सों में पूरा किया जायेगा (ज़मीन की कीमत छोड़ कर) कुल लागत का अन्दाजा 55 लाख रूपये है जिसपर 24.23 लाख रुपये हर वर्ष खर्च होंगे । इस रकम में से 11.5 लाख रुपये (मूल साज़ो-सामान और पुर्जों पर) फौरन खर्च करने की तज़वीज़ है ताकि इस सेवा को जिसे फैलाया जाना है अच्छी तरह चलाया जा सके । जब यह विस्तारित सेवा पूरे तौर से चालू हो जायेगी तो इससे रेडियो स्टेशन से 60 और 80 मील के अन्दर के देहात फायदा उठा सकेंगे ।

अणुशक्ति

1303. **श्री बादशाह गुप्त :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारत में प्रति वर्ष कितनी अणु शक्ति उत्पादित की जाती है तथा उसे मुख्य मुख्य किन कामों के प्रयोग में लाया जाता है ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लालबहादुर शास्त्री): प्रश्न का निर्देश संभवत: अणु शक्ति से उत्पन्न होने वाली बिजली से है। भारत में अब तक अणु शक्ति से कोई बिजली पैदा नहीं की गई है क्योंकि सभी रियेक्टर अनुसंधान की अवस्था में हैं। महाराष्ट्र में तारापुर तथा राजस्थान में राना प्रताप सागर में प्रथम दोनों अणु शक्ति स्टेशनों में क्रमश: 1968 तथा 1969 में कार्य आरम्भ हो जायेगा।

प्रोग्राम अधिकारी

1304. **श्री रा० गि० दुबे :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री आकाशावाणी के प्रोग्राम अधिकारियों के एक ही स्थान में ठहरने के सम्बन्ध में 1 जून, 1964 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 188 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पांच वर्ष या उस से अधिक देरी तक दिल्ली में कार्य करने वाले प्रोग्राम अधिकारियों को दूसरे स्थानों में स्थानान्तरण करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है ; और

(ख) यदि नहीं, तो उस के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी): (क) जी हां। इस प्रकार के अनुदेश दे दिये गये हैं कि संगठन की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तथा जिस से शिक्षा-वर्ष में स्थानान्तरण करने से अनावश्यक कठिनाइयां न हों, एक ही स्थान पर अधिक समय तक ठहरने वाले सभी कार्यक्रम अधिकारियों का स्थानान्तरण कर दिया जाय।

ऐसे सभी व्यक्तियों की सूची मांगी गई है तथा मंत्रालय में उस की जांच की जायगी।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

भारत अर्थमूवर्स लिमिटेड

1305. **श्री पोट्टेकाट्ट :**
श्री अ० व० राघवन :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को बंगलौर से हटा कर कोलार ले जाने के बारे में कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो यह पूर्ण रूप से कब ले जाया जायेगा ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस): (क) तथा (ख) मिट्टी हटाने वाले भारी उपकरणों के निर्माण के लिये कोलार में स्थापित किये जाने वाले कारखाने के बारे में प्रस्ताव विचाराधीन है। इस कारखाने का प्रबन्ध-भारत "अर्थमूवर्स लिमिटेड, बंगलौर" करेगा। परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। इस के मिलने पर कारखाने की स्थापना की अनुसूची का पता लग जायेगा :

तेलीचेरी का बड़ा डाकघर

1306. { **श्री पोट्टेकाट :**
श्री अ० व० राघवन :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल राज्य में तेलीचेरी के स्थान पर एक बड़ा डाकघर भवन बनाने के सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) भवन-निर्माण में देरी क्यों हुई ; और

(ग) भवन बन कर कब पूरा हो जायेगा ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) प्रशासनिक मंजूरी 3 सितम्बर, 1964 को दे दी गई थी। इस काम को 1965-66 के आयव्ययक प्राक्कलन में लेने का विचार है।

(ख) इस काम को चालू वित्तीय वर्ष के आयव्ययक में नहीं लिया जा सका क्योंकि वित्तीय वर्ष में आयव्ययक प्राक्कलन में लिये जाने वाले सभी प्रस्तावों को उस वर्ष से पूर्ववर्ती जनवरी के महीने में अन्तिम रूप दे दिया जाता है।

(ग) कई औपचारिकतायें जैसे नक्शों को विस्तारपूर्वक तैयार करना, विस्तारपूर्ण प्राक्कलन तकनीकी मंजूरी का दिया जाना, टेन्डरों का मांगना तथा ठेकेदारों को पुरस्कार का दिया जाना, आदि पूरी करनी होती हैं। इस समय इस काम को कोई पूर्ववर्तितां नहीं दी गई है। यदि इस को पूर्ववर्तिता दी गई तो इस को पूर्ण रूप से बनाने के लिये निर्माण-तिथि से दो वर्ष लग जायेंगे।

दिल्ली में दूध के मूल्य तथा बसों के किराये में वृद्धि

1307. { **श्री विश्राम प्रसाद :**
श्री बागड़ी :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री की जानकारी में न होने के कारण उन्होंने दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा दूध के मूल्य में तथा दिल्ली परिवहन द्वारा बसों के किरायों में वृद्धि के बारे में जांच करवाना मंजूर कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस के क्या परिणाम निकले हैं ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) और (ख) जी हां। तब से मामले की जांच की जा चुकी है तथा स्थिति इस प्रकार है :--

दिल्ली दुग्ध योजना के मूल्य

1 नवम्बर, 1959 से (जब योजना ने काम चालू किया) 12 मई, 1964 तक दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा बेचे जानेवाले दूध के मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। चाहे उन को इस से कुछ धन की हानि हुई। दूध के वसूली के मूल्यों में वृद्धि को तथा योजना द्वारा बेचे गये दूध की कम मात्रा को ध्यान में रखते हुए 13 मई, 1964 से मूल्यों में कुछ वृद्धि करने का निर्णय किया गया था। बढ़े हुए मूल्य भी अलाभप्रद हैं इस लिये मूल्यों में कमी करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

दिल्ली परिवहन के किराये

शमिक सिक्का प्रणाली तथा दूरी मापने की दशमिक प्रणाली का पूरा लाभ उठाने के लिये दिल्ली परिवहन के किराया निश्चित करने के ढांचे का 1 मई, 1964 से वैज्ञानिक व्यवस्थाकरण किया गया था।

साथ ही साथ विभिन्न मार्ग खण्डों की वर्तमान किराया अनियमितताओं को दूर करने के बारे में इस अवसर का लाभ भी उठाया गया था जिस से सामान्य अथवा संस्पर्शी दूरी अथवा मार्ग खण्डों की दूरी के प्रभावित किराये में समानता आ सके। क्योंकि और अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे इस लिये उप-निगमाध्यक्ष के नेतृत्व में नियुक्त की गई समिति ने इस मामले की फिर से जांच की थी। यह समिति इस निष्कर्षपर पहुंची थी कि चूंकि नये किराये का ढांचा सुस्थित है इस लिये कुछ स्थानों के कुछ महत्वपूर्ण खण्डों पर यात्रा करनेवाली जनता को कुछ सहायता देना आवश्यक है। इस के परिणामस्वरूप कुछ महत्वपूर्ण मार्गों की जिस पर बहुत से यात्री यात्रा करते थे, कुछ किराया स्टेजों को 1 अगस्त, 1964 से समाप्त कर दिया गया था। तथा यह इन क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों को किराये में पांच पैसे की छूट देने के लिये किया गया था। नये किराये के ढांचे के बारे में कोई और कठिनाई नहीं हुई है।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों का प्रशिक्षण

1308. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 7 अक्तूबर, 1964 को नई दिल्ली में फिरोज़शाह रोड पर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा के भारतीय स्कूल के भवन की शिला-न्यास समारोह के समय राष्ट्रपति द्वारा दिये गये भाषण की ओर दिलाया गया है जिस में उन्होंने कहा था कि बहुत से भारत विदेशी सेवा के अधिकारी जो दूसरे देशों में भारत का प्रतिनिधान करते है भारत की संस्कृति तथा अन्य भारत सम्बन्धित बातों के बारे में अनभिज्ञ हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उन के लिय कोई प्रत्यावर्तन पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर्स कोर्स) तैयार करने का विचार है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) 7 अक्तूबर 1964 को नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा के भारतीय स्कूल के भवन के शिला-न्यास के अवसर पर राष्ट्रपति की टिप्पणी से सरकार विदित है। प्रश्न में राष्ट्रपति की जिस यथार्थ टिप्पणी का निर्देश है वह था "मुझ पता चला है कि बहुत से हमारे लोग जो विदेशों में जाते हैं उनको हमारी संस्कृति के मूल सिद्धांतों का ज्ञान भी नहीं होता है।" चाह राष्ट्रपति ने ये शब्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा के स्कूल में भारत विदेश सेवा के परिवीक्षाधीनों के प्रशिक्षण के संदर्भ में कहे थे परन्तु उपर्युक्त यथार्थ उदाहरण से पता चलता है कि वह विदेशों में जाने वाले जन साधारण के बारे में बात कर रहे थे जब उन्होंने कहा था कि उनका भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धान्तों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है ।

(ख) ऐसा विश्वास है कि भारत विदेश सेवा के परिवीक्षाधीनों का वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें भारतीय संस्कृति के बारे में उचित रूप से अवगत करने के लिये पर्याप्त है। शिक्षा कार्यक्रम दो से तीन वर्षों के लिये होता है तथा व्यापक है। इस कार्यक्रम में दूसरी चीज़ों के अतिरिक्त, मसूरी में प्रशासन के राष्ट्रीय अकादमी में 6 महीनों का बुनियादी पाठ्यक्रम, तीन सप्ताह की भारत दर्शन यात्रा, अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा के भारत स्कूल में चार महीनों का तथा विदेशों में और अधिक प्रशिक्षण, भी सम्मिलित है। प्रशासन की राष्ट्रीय अकादमी, मसूरी में परिवीक्षाधीनों को कई विषय जैसे भारतीय संस्कृति कला तथा साहित्य पर भाषण दिये जाते हैं। तीन सप्ताह की भारत दर्शन यात्रा में वे भारत के विभिन्न स्थानों में जाते हैं जिन में संस्कृति सम्बन्धी स्थान भी होते हैं जिस से उन को भारत की संस्कृति का नवीनतम परिचय मिल जाता है तथा इस विषय से सम्बन्धित पुस्तके पढ़ने से उनका ज्ञान और बढ जाता है। इस से यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत विदेश सेवा के कर्मचारियों को विदेश भेजने से पहले भारत की संस्कृति के मूल सिद्धान्तों से पूर्ण रूप से अवगत करा दिया जाता है। संस्कृति यात्रा के लिये एक और भी उपबन्ध है कि जब कभी अधिकारी देश-छुट्टि पर भारत आते हैं तो उन को दूसरे देश में भजने से पूर्व उनके ज्ञान को जाग्रत किया जाता है।

Nehru Memorial Fund

1309. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Jagdev Singh Siddhanti :
Shri Bibhuti Mishra :
Shri K. N. Tiwary :
Shri Shree Narayan Das :
Shri Sarjoo Pandey :
Shri Y. S. Chaudhary :
Shri Vishwa Nath Pandey :

Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) the amount so far received in the Nehru Memorial Fund; and

(b) the manner in which it is to be utilised and the concrete schemes formulated for the purpose?

The Prime Minister and Minister of Atomic Energy (Shri Lal Bahadur Shastri): (a) and (b) The information is not available with Government as the Jawaharlal Nehru Memorial Fund is not a Government Fund. This Fund is controlled by a National Committee.

Foreign Tours by M. Ps.

1310. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Jagdev Singh Siddhanti :

Will the Minister of **Parliamentary Affairs** be pleased to state :

(a) the number of foreign tours arranged by the Department of Parliamentary Affairs for the Members of Parliament during the last three months;

(b) the basis on which the Members were selected for these foreign tours;

(c) whether it is a fact that some Members and parties had protested to him regarding the selection of Members; and

(d) if so, his reaction thereto?

The Minister of Parliamentary Affairs (Shri Satya Narayan Sinha): (a) No foreign tour was arranged by the Department of Parliamentary Affairs during the last three months.

(b) to (d) Do not arise.

Indian Missions Abroad

1311. **Shri Bibhuti Mishra :**
Shri K. N. Tiwary :
Shri Sivamurthi Swamy :
Shri Birendra Bahadur Singh :

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) the number of Indian Embassies /High Commissions which are under the charge of Ambassadors/High Commissioners;

(b) the number amongst them who belong to (i) Indian Foreign Service, (ii) I.C.S. and I.A.S., and (iii) other Services; and

(c) whether Government have under consideration any proposal to appoint these Officers mostly from the politicians?

The Minister of External Affairs (Sardar Swaran Singh) : (a) 68.

(b) (i) 40
(ii) 4
(iii) 4

(c) Appointments to the posts of Heads of Missions are within the prerogative of the Prime Minister in consultation with the Minister for External Affairs. The exercise of this prerogative cannot be defined.

पाकिस्तान में पूरी लम्बाई की धोतियों का उत्पादन

1312. **श्री बिभुति मिश्र :**
श्री क० ना० तिवारी :
श्री ओंकर लाल बेरवा :
श्री ओंकार सिंह :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 9 अक्तूबर, 1964 के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में छपे समाचार की ओर दिलाया गया है जिस के अनुसार हिन्दुओं द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पूरी लम्बाई की धोतियों के उत्पादन पर पूर्वी पाकिस्तान सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है ;

(ख) क्या सरकार ने पाकिस्तान सरकार को लिखा है कि वह हिन्दुओं द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पूर्ण परिमाण की धोतियों के उत्पादन के बारे में मिल-मालिकों पर लगाये गये प्रबन्ध को हटाये ; और

(ग) यदि हां, तो उस का परिणाम निकले हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी, हां। इस मद का सम्बन्ध विशेष रूप से प्रतिबन्ध से ही नहीं था बल्कि नौ हाथ से अधिक लम्बी धोतियों पर शुल्क की दर की छूट को वापिस लेने से था।

(ख) और (ग) भारत सरकार के अन्तःक्षेप करने का अवसर ही नहीं आया क्योंकि थोड़ी देर बाद ही पाकिस्तान सरकार ने पूरि लम्बाई की धोतियों के लिये शुल्क की दर की छूट फिर से दे दी थी।

Indians in Afghanistan

1313. **Shri Bagri :**
Shri Vishram Prasad :

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the Indian nationals living in Afghanistan want their children to learn Indian languages; and

(b) whether it is not possible for the Indian Embassy there to meet this demand by starting their own school?

The Minister of External Affairs (Sardar Swaran Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) Government of India are willing to give some assistance in setting up a school in Afghanistan. However, some more local effort is required. The question is under consideration.

रिपब्लिकन पार्टी की मांगों का चार्टर

1314. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री दाजी :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत की रिपब्लिकन पार्टी ने 1 अक्तूबर 1964 को मांगों का एक चार्टर दिया था ;

(ख) यदि हां, तो मांगे क्या है ; और

(ग) उन की इस पर प्रतिक्रिया क्या है ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) मांगें बहुत सी थी जिन में से कुछ, भूमि जोतने वालों को भूमि का बंटन, खाद्यान्नों का वितरण, मूल्यों पर नियंत्रण तथा अनुसूचित जाति के लोगों के साथ उचित व्यवहार करने के सम्बन्ध में थीं ।

ये सभी मामले सरकार के निरन्तर विचाराधीन रहते हैं तथा प्रभावित व्यक्तियों की दशा को सुधारने के उद्देश्य स यथासंभव कार्यवाही की जाती है ।

अम्बाला सर्किल के डाक तथा तार कर्मचारी

1315. **श्री दलजीत सिंह :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अम्बाला स्थित डाक तथा तार सर्किल पंजाब में कितने डाक तथा तार कर्मचारी प्रथम, दूसरी, तीसरी तथा चौथी श्रेणी के हैं ; और

(ख) उन में से अनुसूचित जाति के कितने कर्मचारी है ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) :

(क)	प्रथम श्रेणी	21
	दूसरी श्रेणी	50
	तीसरी श्रेणी	13,558
	चौथी श्रेणी	3,947
(ख)	प्रथम श्रेणी	कोई नहीं
	दूसरी श्रेणी	1
	तीसरी श्रेणी	1,804
	चौथी श्रेणी	786

मैजागाँव डाक में युद्धपोत

1316. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री बागड़ी :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री विद्याचरण शुक्ल :.
श्री प्रकाश वीर शास्त्री :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाइकर्स नामक ब्रिटिश समवाय का एक विशेषज्ञ दल, बम्बई में स्थित मैजागांव डाक में युद्धपोत निर्माण के लिये ब्रिटेन द्वारा सहायक परियोजना के विस्तार पर चर्चा करने के लिये, हाल ही में भारत आया था ;

(ख) यदि हां, तो उस का क्या परिणाम निकला ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) जी हां। वाइकर्स आर्मस्टरंगस (शिपबिल्डर्स) लिमिटेड तथा चैरो एण्ड कम्पनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों का एक दल, मैजागांव डाक लिमिटेड में युद्धपोत निर्माण के लिये ब्रिटेन द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना के विस्तार पर चर्चा करने के लिये 7 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक भारत में आया था।

(ख) प्रारूप सहयोग समझौते पर विस्तार से चर्चा हुई थीं तथा बहुत से उपबन्धों पर समझौता भी हो गया था। कुछ तकनीकी पदों पर, जिन में तकनीकी सहायता शुल्क तथा युद्धपोत निर्माण कार्यक्रम के लिये ब्रिटेन में स्थापित होने वाले संगठन के लिये शुल्क भी सम्मिलित हैं, अब भी बातचीत हो रही है।

स्वर्गीय प्रधान मंत्री के जीवन संबंधी रुसी प्रलेखीय चलचित्र

1317. **श्री नवल प्रभाकर ।**
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **सूचना** और **प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर रूसी प्रलेखीय चलचित्र, जिसका शीर्षक "भारत का महान सपूत" था और जो उनके पिछले जन्मदिवस पर प्रदर्शित की गई थी, को सेन्सर करके अपनी स्वीकृति दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो चलचित्र की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) क्या यह भारत में दिखाए जाने के लिये जारी कर दी गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री चे० रा० पट्टाभि रामन) : (क), (ख) और (ग) स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर सरकार ने कोई भी रूसी प्रलेखीय चलचित्र को सेन्सर अथवा अनुमति नहीं दी। तथापि, "चलचित्र सेन्सर बोर्ड" ने 31-10-64 को एक रूसी प्रलेखीय चलचित्र "पमपाटी वेलाईगो सीना इण्डाई" (भारत के महान सपूत की स्मृति में) को प्रदर्शन के लिये प्रमाणपत्र दिया था। यह चलचित्र, जिसका "सेन्ट्रल डाक्यूमेन्ट्री फिल्म स्टूडियोज़, मास्को" ने निर्माण किया था, स्वर्गीय प्रधान मंत्री के जीवन के सम्बन्ध नहीं थी ; अपितु यह उस सार्वजनिक शोक सभा के सम्बन्ध में थी जो उनकी स्मृति में रुसी कार्मिक संघ, मास्को के हाल में की गई थी। इस चलचित्र में कई प्रमुख व्यक्ति दिखाये गये हैं, जिनमें रुसी नेता, लेखक, कवि और भारतीय दूत सभा में बोलते हुये दिखाये गये हैं। इसमें स्वर्गीय प्रधान मंत्री की अर्थी के जलूस के भी कुछ चित्र दिखाये गये हैं।

क्योंकि भारत सरकार ने इस चित्र का निर्माण नहीं किया, अतः भारत सरकार द्वारा इसे प्रदर्शन के लिये जारी करने का प्रश्न ही नहीं उठता । तथापि, रूसी सरकार ने, शायद इस चलचित्र को भारत में प्रदर्शित करने के लिये कोई अपनी व्यवस्था की हो ।

प्रतिरक्षा संस्थापनों के कर्मचारियों के लिये मजूरी बोर्ड

1318. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री बह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न प्रतिरक्षा संस्थापनों के असैनिक कर्मचारियों के लिये मजूरी बोर्ड की नियुक्ति के लिये कोई निश्चय किया गया है ।

(ख) यदि नहीं, तो यह निश्चय कब किया जायगा ?

श्री यशवन्तराव चव्हाण (प्रतिरक्षा मंत्री) : (क) और (ख) जी नहीं । सरकार उस पर सक्रिय रूप से विचार रही है ।

अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ सम्मेलन

1319. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ने अक्तूबर 1964 में जनेवा में हुये अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ सम्मेलन में भाग लिया था ;

(ख) क्या सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका और पुर्तगाल की उपस्थिति के बारे में कोई विवाद हुआ था, और

(ग) इस क्रिया संबंधी विवाद में भारत का क्या रवैया था, और

(घ) सम्मेलन में क्या निश्चय किये गये ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी हां ।

(ग) (क) की दृष्टि में रखते हुये प्रश्न ही नहीं उठता ।

(घ) निश्चित कार्य किये बिना ही सभा अनिश्चित काल के लिये उठ गई ।

Boards for Gurudwaras and Temples in Pakistan

1320. **Shri Gulshan** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government have received any suggestion regarding the appointment of Boards to look after the property of Gurudwaras and Temples in Pakistan ; and

(b) if so, the action taken by Government in that regard?

The Minister of External Affairs (Sardar Swaran Singh): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

टेलीफोन कनेक्शन

1321. श्री प्र० रं० चक्रवर्ती : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओं को दिल्ली में वर्ष 1962, 1963 और 1964 में छूट-प्राप्त श्रेणी में कितने टेलीफोन कनेक्शन दिये गये;

(ख) ऐसे कनेक्शनों के लिये आवेदनपत्रों पर किस आधार पर विचार किया जाता है और किस प्रकार के सामाजिक कार्य से किसी व्यक्ति को ऐसा कनेक्शन मिल जाता है ;

(ग) इससे पूर्व कि टेलीफोन मंत्रणा समिति ऐसे आवेदन पत्रों पर विचार करे, इन आवेदन पत्रों में दिये गये तथ्यों का क्या कोई सत्यापन किया जाता है, और यदि हां, तो किस एजेन्सी द्वारा; और

(घ) ऐसी श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्त्ताओं टेलीफोन बटन पर क्या और निर्बन्धन लगाने का विचार है।

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) 1962–56, 1963–207, 1964–274

(ख) और (ग) सार्वजनिक कार्यकर्ताओं के छूट-प्राप्त श्रेणी में टेलीफोन कनेक्शनों के लिये आवेदन पत्र उनके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पंजीकृत किये जाते हैं; और इस सूचना की किसी संसद्-सदस्य, दिल्ली नगर निगम के सदस्य अथवा टेलीफोन परामर्श समिति के सदस्य द्वारा पुष्टी होनी चाहिये। इस श्रेणी के अन्तर्गत टेलीफोन कनेक्शन टेलीफोन परामर्श समिति की सिफारिशपर दिये जाते हैं।

(घ) जी नहीं।

टेलीफोन कनेक्शनों के लिय प्रतीक्षक सूची

1322. श्री विश्राम प्रसाद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1954 से अबतक दिल्ली तथा देश के अन्य भागों में टेलीफोन कनेक्शनों के बटन की प्रतीक्षक सूची पर व्यक्तियों की संख्या क्या है; और

(ख) इन कनेक्शनों को देने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती): (क) 262 आवेदकों ने जिन्होंने 21–12–1954 से पहले आवेदन दिया था, प्रतीक्षक सूची में लम्बित हैं। यह सभी आवेदक कलकत्ता टेलीफोन जिले के हैं।

(ख) टेलीफोन एक्सेंजो की क्षमता बढ़ाने और अधिक तारे बिछाने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं, जिससे कि लम्बित भागों की अधिकतम पूर्ति की जा सके।

"लाइफ" और "टाईम" पत्रिकाओं का संवाददाता

1323. **श्री इम्बीचिबावा :**
श्री उमानाथ :
श्री म० ना० स्वामी :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इसकी सूचना है कि "लाईफ" और "टाईम" पत्रिकाओं का संवाददाता नेफा में एक दूर्घटना में मृत्यु को प्राप्त हो गया;

(ख) क्या इसको उस क्षेत्र में चित्र लेनी की अनुमति दी गई थी, और

(ग) क्या हाल ही में किसी और संवाददाता या एजेन्सी की वैसी अनुमति दी गई थी ?

श्री स्वर्ण सिंह (वैदेशिक-कार्य मंत्री) : जी हां, "टाइम" और "लाइफ" पत्रिका के संवाददाता तथा फोटोग्राफर श्री जेम्ज़ बर्क 2–10–64 को भालुकपुंग-बोमडिला सड़क पर फोटोग्राफ लेते हुये एक चट्टान से फिसल कर गिर पड़े और मर गये ।

(ख) जी हां ।

(ग) जी नहीं ।

Hong Kong Singapore Artillery Personnel

1324. **Shri Vishwa Nath Pandey** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that those Indian soldiers of Hong Kong and Singapore Royal Artillery who had joined the Indian National Army and were discharged from Indian army, are now eligible for the grant of financial relief at the same rates and under the same conditions as in the case of ex-I.N.A. personnel ;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the estimated amount of the financial relief to be paid to these ex-Hong Kong Singapore Artillery personnel?

The Minister of Defence (Shri Yeshwantrao B. Chavan) : (a) Yes, Sir. Incidentally, the Hong Kong and Singapore Royal Artillery was a British Army Unit; and consequently, these soldiers were neither members of nor were discharged from the Indian Army.

(b) Financial relief is admissible at the following rates:

	Rs.
Officers . . .	1500·00
Junior Commissioned Officers	500·00

	Rs.
Non-Commissioned Officers	220·00
Other Ranks	160·00
Non-Combatants (en-rolled)	120·00

The relief is admissible only in respect of persons who are now Indian Nationals; and it is payable to those who are still alive, and to the widows or minor children of those who are dead but not to other relations or legal heirs. The claims are required to be submitted before the 30th June 1965 to the Controller of Defence Accounts (Officers) in the case of officers, and to the Officer Incharge, Artillery Depot and Records, Mathura in the case of others.

(c) Rs. 1.6 lakhs.

इलाक्ट्रानिक्स

1325. **श्री पें० वेंकटासुब्बया :**
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जो प्रविधिक समिति सरकार ने देश की इलाक्ट्रानिक्स आवश्यकताओं का अध्ययन करने के लिय नियुक्त की थी, क्या उसने अपना प्रतिवेदन दे दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं ?

प्रधान मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) और (ख) समिति अपना प्रतिवेदन 1965 के आरम्भ में दे देगी । तब तक के लिये उन्होंने सरकार को निम्नलिखित सीस प्रतिवेदन पेश किये हैं जो उनको सौंपे हुये कार्य के बारे में हैं :—

प्रतिवेदन संख्या	प्रतिवेदन का शीर्षक	पेश करने का दिनांक
प्रतिवेदन आर-1	भारत में संतुलित इलक्ट्रानिक्स उद्योगों के लिये आवश्यक उत्पादन और विनियोजन पर अन्तरिम प्रतिवेदन ।	18-2-1964
प्रतिवेदन आर-2	विकास वर्गों की स्थापना पर संकल्प ।	18-2-1964
प्रतिवेदन आर-3	इलाक्ट्रानिक परीक्षण उपकरणों की अल्पनिष्ठ सूची ।	18-2-1964
प्रतिवेदन आर-4	500 वाट तक का एच० एफ० और वी० एच० एफ० रेडियो संचार उपकरण ।	16-3-1964
प्रतिवेदन आर-5	उच्च शक्ति के रेडियो ट्रांस मिट्टर	16-4-1964
प्रतिवेदन आर-6	200 से 400 मेगासाइकल की फ्रीक्वैंसी बैंड की भू-वायु तथा वायु-वायू रेडियो संचार उपकरण ।	16-4-1964
प्रतिवेदन आर-7	भविष्य में वैदेशिक सहयोग के रूप के प्रविधिक पहलू पर सिफारिशें ।	18-4-1964
प्रतिवेदन आर-8	परीक्षण उपकरणों के विकास के कुछ पहलू	18-4-1964

प्रतिवेदन संख्या	प्रतिवेदन का शीर्षक	पेश करने का दिनांक
प्रतिवेदन आर-9	माइक्रोवेव पद्धति और सम्बद्ध उपकरण	14-7-1964
प्रतिवेदन आर-10	रेडियो दिकचालन साधन	14-7-1964
प्रतिवेदन आर-11	ट्रांजिस्टर और अर्ध संवाहक डायोड के उत्पादन की निर्देशिका ।	14-7-1964
प्रतिवेदन आर-12	प्रतिरोधक के उत्पादन की निर्देशिका	14-7-1964
प्रतिवेदन आर-13	धारित्र के उत्पादन की निर्देशिका	14-7-1964
प्रतिवेदन आर-14	लाईन संचार और गुप्त उपकरण	28-8-1964
प्रतिवेदन आर-15	कनेक्टरों, रिले और स्विचों के उत्पादन पर निर्देशन	28-8-1964
प्रतिवेदन आर-16	इलाक्ट्रान ट्यूबों के उत्पादन पर निर्देशन	28-8-1964
प्रतिवेदन आर-17	सर्वो-कम्पोनेन्ट के उपकरण के उत्पादन पर निर्देशन	20-11-1964
प्रतिवदन आर-18	नामिकीय इलाक्ट्रानिक उपकरण	201-1-1964
प्रतिवेदन आर-19	औद्योगिक और प्रक्रिया उपकरणों के उत्पादन पर निर्देशन	3-12-1964
प्रतिवेदन आर-20	इलाक्ट्रानिक संगणक	3-12-1964

भारत में संतुलित इलाक्ट्रानिक्स उद्योग के लिये आवश्यक विनियोजन और उत्पादन पर समिति की अन्तरिम प्रतिवेदन के एक प्रतिलिपि और उसके साथ व्याख्यात्मक टिप्पण, जो सरकारने ने लोक सूचना के लिये निकाले हैं, सभा पटल पर रखी है । [**पुस्तकालय में रखी है । देखिये एल० टी० सं० 3616/64 ।**]

प्रतिरक्षा बस्तियां

1326 **श्री रामचंद्र मलिक :**
श्री धर्मलिंगम् :
श्री अ० व० राघवन :
श्री पोट्टेकाट्ट :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्च सैनिक अधिकारियों के परिवारों को आवास सुविधायें देने के लिये क्या देश भर में 60 प्रतिरक्षा बस्तियां बनाई जायंगी;

(ख) यदि हां, इस प्रयोजन के लिये वित्तीय सहायता की स्वीकृत राशी क्या है;

(ग) क्या सैनिक सहकारी आवास संस्था इन बस्तियों को बनायेगी; और

(घ) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है (राज्य वार)

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) दिल्ली के अतिरिक्त विभिन्न राज्यों में 60 स्थानों पर प्रतिरक्षा आवास बस्तियां बनाई जायेंगी; यह बस्तियां न केवल उच्च सैनिक अधिकारियों के लिये बल्कि सेना के सभी वर्गों तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिये भी होंगी ।

(ख) सरकार ने इसके लिये कोई आर्थिक सहायता मंजूर नहीं की ।

(ग) सामान्यत: संस्था के सदस्य अपने गृह निर्माण स्वयं करते हैं और संस्था उनको इस कार्य के लिये ऋण देती है । जहां आवश्यक हो, सदस्यों को बेचने अथवा किराये पर देने के लिये, संस्था भी भवन निर्माण करती है ।

(घ) जो निर्माण कार्य संस्था करेगी उसका ब्यौरा अभी तैयार नहीं हुआ है ।

नागालैंड में बसने वाले भारतीय

1327. **श्री यु० सिंह चौधरी :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनागा भारतियों को नागालैण्ड में बसने नहीं दिया जा रहा है, और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी नहीं ।

तथापि, नागा हिल्ज़ झुम भूमि विनिमय, 1946 के अन्तर्गत भूमि प्राप्त की जा सकती है; इसके अनुसार झुम भूमि, जिसपर किसी समुदाय का रूढ़ाधिकार है, किसी अन्य समुदाय या व्यक्ति को उपायुक्त आज्ञा से दी जा सकती है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Misappropriations in Hindustan Aircraft Limited

1328. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that an amount of Rs.18,750 was misappropriated by some out-station In-charge of the Hindustan Aircraft Limited, Bangalore during the period from October, 1961 to August, 1962; and

(b) if so, the action taken by Government in this behalf?

The Minister of Defence Production (Shri A. M. Thomas) : (a) Yes, Sir.

(b) The concerned employee was dismissed from service, after necessary enquiries. On the basis of the criminal proceedings instituted against him by the Special Police Establishment, he was convicted and sentenced to three years' rigorous imprisonment. The misappropriated amount has been realised under the Fidility Insurance Policy which covered the concerned employee.

Permission to Sheikh Abdullah For Haj Pilgrimage

1329. **Shri Prakash Vir Shastri :** Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether Sheikh Abdullah has sought permission to proceed on Haj pilgrimage; and

(b) if so, Government's decision thereon?

The Minister of External Affairs (Sardar Swaran Singh) (a) The Port Haj Committee, Bombay have been approached by Sheikh Abdullah through the Trade Agent to the Government of Jammu and Kashmir in Bombay for reservation of five seats including one for himself on one of the vessels of the Moghul Line.

(b) Does not arise.

Institutions Engaged in Nuclear Research

1330. Shri Rameshwaranand : Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) the number of institutions in India which are engaged in research work in nuclear science and the assistance given by Government to them; and

(b) the qualifications laid down for various categories of scientific posts in the different disciplines of nuclear science under the control of the Atomic Energy Department?

Prime Minister (Shri Lal Bahadur Shastri) : (a) Research work in some branch or other of nuclear science is at present carried out in about 13 Universities and 28 other Institutions in India, and assistance in the form of financial grants, equipment and personnel is given by Government.

(b) The categories of scientific posts and the different disciplines covered by the Department of Atomic Energy are too numerous to be mentioned here. Generally speaking, recruitment is normally made through the Department's Training School. A copy of the advertisement prescribing qualifications for admission to the courses conducted in this school is placed on the table of the House. **[Placed in library. See No. LT 3517/64.]**

आकाशवाणी पर "प्रेसदाता से भेंट" कार्यक्रम

1331. श्री यशपाल सिंह : क्या **सूचना** तथा **प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आकाशवाणी पर समय समय पर 'प्रेसदाता से भेंट' नामका एक नया कार्यक्रम चालू करना चाहती है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में कब निर्णय किया जायेगा ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी): (क) जी हां ।

(ख) इस वर्ष के अन्त से पूर्व । यह कार्यक्रम 1965 के आरम्भ से चालू किया जायेगा ।

इन्डिया टेलिफोन इंडस्ट्रीज बैंगलोर

1332. डा० सरोजिनी महिषी : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इन्डिया टेलीफोन इन्डस्ट्री के लिये एक योजना विभाग स्थापित करना चाहती है और यदि हां, तो कब; और

(ख) क्या सरकार देश में टेलीफोन उपकरणों के निर्माण के लिये वर्तमान क्षमता को बढ़ाना भी चाहती है ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) इन्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज में योजना कार्य प्रबन्ध निदेशक के पर्यवेक्षण में प्रबन्धकों द्वारा किया जाता है। 'क्रासबार' उपकरणों के निर्माण के लिये एक छोटा योजना विभाग भी है जो कि प्रबन्धक निदेशक के पर्यवेक्षण के अधीन ही काम करता है।

(ख) टेलीफोन उपकरणों का निर्माण प्रत्येक योजनावधि में निरन्तर बढ़ाया जा रहा है। चौथी योजनावधि में 12 लाख टेलीफोन उपकरण बनाने का विचार है जब कि तीसरी योजना में 8.3 लाख टेलीफोन बनाये गये थे।

Praga Tools Corporation, Hyderabad

1333. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Praga Tools Corporation, Hyderabad has sustained substantial losses on account of the production costs being higher than the sale prices;

(b) whether it is also a fact that sixty per cent of its machinery remains unutilized; and

(c) the measures taken or proposed to be taken to improve matters?

The Minister of Defence Production in the Ministry of Defence (Shri A.M. Thomas): (a) During the first three years following the transfer of the administrative control to the Government of India, the Company sustained some losses due to the production cost being higher in some cases than the sale prices. This position has improved considerably during 1962-63 and 1963-64.

(b) No, Sir. The present utilisation of the plant and machinery is considered satisfactory.

(c) After the transfer of the administrative control to the Government of India, a number of steps have been taken towards rationalisation of production and introduction of administrative reforms. As explained in (a) above, these have improved the working results of the Company.

परागा टूल्स कार्पोरेशन लिमिटेड के विक्रय एजेंट

1334. **श्री हुकमचन्द कछवाय** : क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परागा टूल्स कार्पोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा मशीनों की बिक्री के लिये विक्रय एजेन्टों के अतिरिक्त कुछ स्थानीय प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और उनको क्या वेतन दिया जाता है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) कम्पनी ने दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में संपर्क कार्य और जांच कार्य को करने के लिये जो कि किसी भी विक्रम अभिकरण करार के अन्तर्गत नहीं आते, स्थानीय प्रतिनिधि नियुक्त किये थे। दिल्ली, बम्बई और मद्रास के प्रतिनिधियों की सेवाएं मई, 1962 में समाप्त कर दी गई थीं।

(ख) चारों स्थानों में से प्रत्येक स्थान पर एक एक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था और उनके वेतन इस प्रकार थे :

(एक) बम्बई : 1200 रु० प्रति वर्ष; बाद में 1951 से 2,500 रु० प्रति वर्ष कर दी गई।

(दो) मद्रास : 3,000 प्रति वर्ष।

(तीन) नई दिल्ली : बिक्री पर 1 प्रतिशत कमीशन तथा 6,000 रु० प्रति वर्ष। 1959 से 1,000 रु० प्रति मास की निश्चित राशि।

(चार) कलकत्ता : 100 रु० प्रति मास।

वैस्ट इंडिज में भारतीय

1335. श्री उ० मू० त्रिवेदी : क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रमण्डल के वैस्ट इन्डीज़ के कुछ राज्यों में भारतीय उद्भव के लोगों की जानों की रक्षा करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या सरकार इन में से कुछ राज्यों को शांति मिशन भेजेगी, विशेषत: जमाइका, त्रिनिदाद और ब्रिटिश गिआना में; और

(ग) क्या सरकार को इन देशों के भारतीय उद्भव लोगों से कोई विशेष सरकारी अथवा गैर-सरकारी अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) त्रिनिदाद और टोबागो और जमाईका में भारतीय उद्भव के लोग शांति से रह रहे हैं और जिन देशों में वह रह रहे हैं वहां पर अन्य निवासियों के सहयोग से भविष्य की योजना बनाना उनका कार्य है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, नहीं।

कलकत्ता पुलिस द्वारा नाबालग लड़की का बचाया जाना

1336. श्री स० मो० बनर्जी : क्या यह **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 14 नवम्बर, 1964 को कलकत्ता पुलिस ने दक्षिण कलकत्ता में केन्द्रीय सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के घर से एक नाबालग लड़की की जान बचाई;

(ख) यदि हां, तो अधिकारी का विवरण क्या है;

(ग) क्या कोई विभागीय जांच की गई है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) और (ख) 18 नवम्बर, 1964 को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363, 366 और 376 के अन्तर्गत अपराधों के आरोपों पर सदर हुगली के सबडिवीजनल मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी किये गये गिरफ्तारी के वारेंट पर 17 बंगाल बटेलियन नेशनल केडेट कोर के लेफ्टनेंट कर्नल हरी सदन बनर्जी को पुलिस की हिरासत में ले लिया गया था। मैजिस्ट्रेट ने अधिकारी को सेना के सुपुर्द कर दिया है और इस समय वह कड़ी निगरानी में गिरफ्तारी में हैं।

(ग) जी नहीं। क्योंकि कानून के अन्तर्गत सामान्य कार्यवाही की जा रही है, इसलिये पृथक विभागीय जांच नहीं की गई है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

इन्डोनेशिया द्वारा एटम बम का विस्फोट

1337. **श्री तान सिंह :**
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इन्डोनेशिया के जनरल हारटानो के इस कथन से अवगत है कि इन्डोनेशिया अपने पहला एटम बम का विस्फोट अगले वर्ष करेगा;

(ख) यदि हां, तो उसपर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या भारत इन्डोनेशिया के वैज्ञानिकों को अणु अनुसन्धान सुविधाएं देता रहा है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) इन्डोनेशिया की अणु हथियारों की क्षमता के संबंध में जनरल हारटोनो के कथन पर सरकार ने समाचारपत्रों की रिपोर्टें देखी हैं परन्तु सरकार इसकी सचाई को आंकने की स्थिति में नहीं है। भारत सरकार ने अणु हथियारों के निर्माण का बराबर विरोध किया है और इस दिशा में किये गये सभी प्रयत्नों को खेद की दृष्टि से देखा है।

(ग) भारत सरकार ने अणु शक्ति के शांतिपूर्ण प्रयोग में इन्डोनेशिया के वैज्ञानिकों को कुछ प्रशिक्षण सुविधायें दी हैं।

सेना के लिये इंजीनियर और चिकित्सीय स्नातक

1338. **श्री हेमराज :**
श्री तान सिंह :
श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंजीनियरिंग और चिकित्सीय शाखाओं में सेना की क्या जरूरतें हैं ;

(ख) इन शाखाओं में भर्ती में अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(ग) सरकार कमी को पूरा करने के लिये क्या कदम उठाना चाहती है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) इस जानकारी को प्रकट करना लोक हित में नहीं है।

(ख) और (ग) जहां तक अन्य श्रेणियों का संबंध है कमी बहुत कम है और उसे इंजीनियरिंग शाखा में सामान्य भर्ती द्वारा और नर्सिंग टेक्नीकल श्रेणियों में खपाने के लिये चिकित्सीय शाखा में भर्ती होने वालों के लिये व्यक्तियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था कर के पूरा किया जायगा।

जहां तक अधिकारियों का संबंध है इस समय भी भारी कमी है। इसको पूरा करने के लिये अधिक उम्मीदवारों को आकर्षित करने की दृष्टि से कुछ रियायतें दी गई हैं और अन्य उपाय भी किये गये हैं। वे निम्न हैं :—

इंजीनियर :

(एक) अध्ययन आदि में भी विश्वविद्यालय प्रवेश योजना के अन्तर्गत चुने हुए स्नातक इंजीनियरों और चुने हुए अन्तिम वर्षीय इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को कमीशन पूर्व प्रशिक्षण की अवधि में कमीशन देना।

(दो) कमीशन पूर्व प्रशिक्षण की सफल पूर्ति पर दो वर्ष पहले की तारीख।

(तीन) ऐसे उम्मीदवारों को जो केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों अथवा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में नौकर हैं 2 वर्ष से अनधिक अतिरिक्त पूर्व तिथि देना।

(चार) उन व्यक्तियों के लिये केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के अन्तर्गत इंजीनियरिंग सेवाओं में आपात काल में रिक्त होने वाले स्थायी स्थान में से 50 प्रतिशत स्थान रक्षित रखना, जो सेना में अस्थायी रूप से आते हैं और जिन्हें बाद में छोड़ दिया जाता है।

(पांच) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के अन्तर्गत इंजीनियरिंग सेवाओं में भर्ती किये गये अधिकारियों में से कुछ को सरकार द्वारा हाल ही में मंजूर की गई चार वर्षीय अनिवार्य सेवा दायित्व योजना के अन्तर्गत सेना में प्रतिनियुक्त करके कमीशन देना।

डाक्टर :

(1) एम० बी० बी० एस० के अन्तिम वर्षीय क्षेत्रों में चुने हुए छात्रों को अध्ययन की अवधि में भी कमीशन देना।

(2) जो व्यक्ति सेना मैडिकल कोर में अस्थायी रूप से लिये गये हैं और जिन्हें बाद में छोड़ दिया जायेगा उनके लिये केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के अन्तर्गत चिकित्सीय सेवाओं में आपात काल में रिक्त होने वाले स्थानों में से 50 प्रतिशत स्थान रक्षित रखना।

नर्सिंग अधिकारी :

(1) राज्य सेवाओं से असैनिक नरसों का 'सैकिंडमेंट'।

(2) पात्रता की अर्हताओं में से एक को शिथिल करके, जैसे प्रसूतिविद्या, केन्द्रीय-राज्य चिकित्सीय सेवाओं तथा सीधे खुली मार्किट से भर्ती की गई असैनिक नरसों को अस्थायी कमीशन देना।

(3) सैनिक नर्सिंग सेवा की स्थानीय श्रेणी में विवादित अथवा बच्चोवाली विधवा असैनिक नरसों का भर्ती किया जाना।

लंका में भारतीय उद्भव के कर्मचारी

1339. **श्रीमती रेणुका बड़कटकी :**
श्री रवीन्द्र वर्मा :
श्री हुकमचन्द कछवाय :
श्री बड़े :
श्री यू० सि० चौधरी :
श्री ओंकारलाल बरवा :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इन समाचारों की ओर दिलाया गया है कि लंका की व्यापार संस्थाएं भारत लंका के हाल के करार का उल्लंघन करते हुए भारतमूलक कर्मचारियों को छंटनी की सूचनाएं दे रही हैं; और

(ख) यदि हां तो, सरकार मामले में क्या कार्यवाही करेगी ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) सरकार का ध्यान इन समाचारों की ओर दिलाया गया है कि लंका की व्यापार फर्मों ने भारतीय कर्मचारियों को उनकी सेवा की समाप्ति के नोटिस दिये है । हमारे उच्चायुक्तने इस मामले पर लंका के अधिकारियों से लिखा पढ़ी शुरू कर दी है । ऐसा समझा जाता है कि विस्तृत जांच होने तक नोटिस रोक दिए जायेंगे ।

उड़ीसा में रेलवे डाक सेवा के कार्यालय

1340. **श्री जेना** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में रेलवे डाक सेवा के कार्यालय खोलने के कोई प्रस्ताव काफी समय से लम्बित पड़े हैं ;

(ख) यदि हां तो, इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वे कार्यालय कब खोले जायेंगे ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) केवल एक प्रस्ताव काफी समय से लम्बित है जो कि भद्रक में एक नया रेलवे डाक सेवा कार्यालय खोलने के बारे में है ।

(ख) भद्रक रेलवे स्टेशन के आस पास एक उपयुक्त इमारत उपलब्ध न होने के कारण कार्यालय अभी तक स्थापित नहीं किया जा सका ।

(ग) रेलवे एक इमारत का निर्माण कर रही है जो आशा है कि जून, 1965 के अन्त तक पूरी हो जायेगी । कार्यालय इससे पहले भी खोला जा सकता है यदि इसके लिये उपयुक्त गैर-सरकारी इमारत उपलब्ध हो जाये जिसके लिये कि प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

Factories in Delhi

1351. **Shri Ramanand Shastri :**
Shri Ram Sewak :

Will the Minister of **Labour** and **Employment** be pleased to State :

(a) the number of factories in Delhi and New Delhi which are governed by the Factories Act, 1948 but are working without factory licences;

(b) the reasons for not enforcing the provisions of the Factory Act against them;

(c) whether Factory Inspectors make enquiries from other Departments regarding those factory owners who show lesser number of workers to the Inspectors but show exaggerated number of workers for obtaining quota and other concessions; and

(d) whether it is also a fact that the factory owners of Delhi employ workers for months together without entering their names in the attendance registers and thus deprive them of the benefits to which they are entitled under the various laws and if so, the measures adopted to prevent the same?

The Minister of Labour and Employment (Shri D. Sanjivayya) : (a) 90 such cases have been detected.

(b) Does not arise.

(c) No. But surprise inspections are made to ascertain the truth in all such cases.

(d) Complaints are often received by the Delhi Administration regarding the employment of workers without the employer recording their names in registers prescribed for the purpose. These complaints are properly and promptly investigated. Even during the routine and surprise inspections, the Inspectorate Staff have instructions to ensure that names of all workers are entered in appropriate registers and that no worker is deprived of the benefits to which he may be entitled under the law. Cooperation of the trade unions is also sought to meet this problem.

प्रधान मंत्री के साथ मायकल स्काट की भेंट

1342. **श्री हेम बरुआ :**
श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शांति मिशन के एक सदस्य मायकल स्काट ने हाल ही में प्रधान मंत्री से भेंट की थी और नागा लैंड में शांति के संबन्ध में उनके सामने कुछ नये सुझाव और प्रस्ताव रखे थे; और

(ख) यदि हा, तो उनका विस्तृत ब्योरा क्या है और उनपर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) जी, हां । श्री माइकल स्काट प्रधान मंत्री से मिले थे । उन्होने कोई नये सुझाव नही दिए थे।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

राष्ट्रीय रक्षा कोष

1343. **श्री हेम राज :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनता ने राष्ट्रीय रक्षा कोष में सरकारी अथवा गैर-सरकारी लिमिटेड कम्पनियों के शेयर भी दान में दिये हैं;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या और मूल्य क्या है और वे शेयर किन किन कम्पनियों के हैं; और

(ग) क्या इन शेयरों से अभी तक कोई पैसा इकट्ठा किया गया है ?

प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) अपेक्षित जानकारी बताने वाला एक विवरण संलग्न है ।

[**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1343/64 ।**]

Tibetans in Sikkim

1355. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some Tibetans have been residing in Sikkim with their children without valid permits;

(b) if so, the reasons for their entry without valid permits; and

(c) the number of Tibetans who have come to India so far during this year?

The Minister of External Affairs (Shri Swaran Singh) : (a) and (b) Registration of Tibetans in Sikkim is carried out by the Government of Sikkim. According to our information all the Tibetans residing in Sikkim are issued identification certificates by the Government of Sikkim.

(c) 423.

भारत-नागा आयोग के लिये प्रस्ताव

1345. **श्री दी० चं० शर्मा :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागालैंड शांतिमिशन के एक सदस्य माइकल स्काट ने नागालैंड में जो कुछ हुआ है उसकी पूर्ण तथा निष्पक्ष जांच के लिये "एक भारत-नागा मिशन" की नियुक्ति के लिये अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसपर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) श्री माइकल स्काट ने ऐसा सुझाव दिया था तथापि मिशन के दो अन्य सदस्यों ने इसका समर्थन नहीं किया है। भारत सरकार की राय है कि पिछली घटनाओं की जांच से वर्तमान बातचीत में सहायता नहीं मिलेगी।

भारतीय वायु सेना के "हंटर विमान को दुर्घटना"

1346. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बाल कृष्ण सिंह :
श्री यमुना प्रसाद मण्डल :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नवम्बर, 1964 में सांताक्रूज़ हवाई अड्डे पर भारतीय वायु सेना का एक हंटर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना से कितने व्यक्ति हताहत हुए; और

(ग) क्या कोई जांच की गई है; और यदि हां तो उसका क्या परिणाम निकला ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी हां, 21 नवम्बर, 1964 को।

(ख) विमान का चालक, फ्लाइंग आफिसर आर० डी० चिनोय, जो कि विमान में अकेला ही था, मारा गया।

(ग) वायु सेना नियमों के अनुसार एक जांच समिति को दुर्घटना की जांच करने का आदेश दे दिया गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर पूरे ब्योरों का पता चलेगा।

अभ्रक की खानों में मजूरी का भुगतान

1347. **श्री शिव चरण माथुर :** क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ज़िला भीलवाड़ा (राजस्थान) के अभ्रक खनन क्षेत्रों में मालिक लोग मजूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के उपबंधों का उल्लंघन करते हुए कर्मकारों को अर्जित मजूरी का भुगतान करने में कई मासों देर कर देते हैं;

(ख) यदि हां, तो आदिनांक देय मजूरी की कुल राशि कितनी है और इतनी देर से भुगतान करने वाले मालिकों की क्या संख्या है; और

(ग) ऐसे दोषी पक्षों के विरूद्ध चलाये गये मामलों की संख्या क्या है। ऐसे मामले कितने हैं जिन में मजूरी भुगतान प्राधिकारी द्वारा दण्ड दिया गया तथा अनिर्णीत मामले कितने हैं जो ऐसे प्राधिकारी के विचाराधीन हैं ?

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री संजीवय्या) : (क) कुछ मामले ऐसे थे जिन में मजूरी का भुगतान मजूरी भुगतान अधिनियम, 1936 की धारा 5 के अन्तर्गत निर्धारित समय सीमा के भीतर नहीं किया गया था।

(ख) 15 नवम्बर, 1964 को 2,06,071.74 रुपये। उत्तरदायी मालिकों की संख्या 13 है।

(ग) मजूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के अधीन 2,24,208.80 रुपये के 40 दावों सम्बन्धी प्रार्थनापत्र दायर किये गये थे और 22,942.68 रुपये के दावों सम्बन्धी प्रस्ताव प्रवर्तन शासन तंत्र के विचाराधीन हैं। 41,079.74 रुपये की राशि के दावों सम्बन्धी मामलों का निर्णय कर दिया गया है, 6,103.18 रुपयों की डिग्री की गई है और शेष 34,976.56 रुपयों का मामलों के लंबन के दौरान नियोजकों द्वारा भुगतान किया गया है। शेष 1,83,129.06 रुपये की राशि इन शेष 19 प्रार्थनापत्रों के अन्तर्गत आती हैं जो अभी विचाराधीन हैं। मजूरी भुगतान अधिनियम के अधीन 1963 के प्रारम्भ से अबतक कोई अभियोजन नहीं चलाया गया था, परन्तु न्यून मजूरी अधिनियम के अधीन ज़िला भीलवाड़ा में अभ्रक खानों के मालिकों के विरुद्ध विलम्बित तथा आस्थगित भुगतान के लिये 1963 में छः और 1964 में आठ मामले चलाये गये थे।

ब्रिटेन, अमरीका तथा कैनेडा में भारतीय

1348. **श्री गु० सिंह मुसाफिर :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ब्रिटेन, अमरीका तथा कैनेडा में कितने भारतीय हैं; तथा

(ख) इनमें से प्रत्येक देश में कितने पंजाबी, बंगाली और महाराष्ट्री रहते हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) भारतीयों की लगभग संख्या जिस में विद्यार्थी और अन्तर्राष्ट्रीय संघटनों में काम करने वाले व्यक्ति भी सम्मिलित हैं, निम्नलिखित है :—

(1) ब्रिटेन	1,30,000
(2) अमरीका . .	14,690
(3) कैनेडा	2,949

(ख) इन के सम्बन्ध में राज्यवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। फिर भी मोटे तौर पर यह अनुमान है कि ब्रिटेन में रहने वाले 80 प्रतिशत पंजाब से और 10 प्रतिशत गुजरात से हैं। शेष में से बंगाल से अधिक हैं।

टेलीग्राफ तथा टेलीफोन इंजीनियरिंग सेवा

1349. **श्री रा० गि० दुबे** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) टेलीग्राफ तथा टेलीफोन इंजीनियरिंग सेवा के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के एक अधिकारी को एक स्टेशन पर ठहराने का सामान्य समय कितना है;

(ख) ऐसे अधिकारी कितने हैं जिन का चालू वर्ष में एक सर्कल से दूसरे सर्कल में स्थानान्तरन किया गया था जब कि वे एक स्थान पर दो वर्ष से अधिक नहीं ठहरे थे;

(ग) ऐसे अधिकारी कितने हैं जो पहले दिल्ली में 5 वर्ष से अधिक ठहरे थे परन्तु जिन का इस वर्ष पुनः दिल्ली में स्थानान्तरन किया गया था, यद्यपि वे दिल्ली से बाहर 3–4 वर्ष से अधिक नहीं ठहरे थे; और

(घ) विभिन्न सर्कलों में एक स्टेशन पर गत 4 वर्षों से अधिक ठहरने वाले खंड-इंजीनियर कितने हैं ?

संचार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) बारी के क्रम से स्थानान्तरण सम्बन्धी आदेशों के अनुसार एक स्थान पर इन अधिकारियों के ठहरने की अवधि 4 वर्ष है, परन्तु यदि किसी अधिकारी को उसी स्टेशन पर अन्य पद के लिये स्थानान्तरित अथवा पदोन्नत किया जाता है तो उस को उस स्टेशन पर छः वर्ष तक रखा जा सकता है।

(ख) से (घ) : जानकारी प्राप्त की जा रही है और उपलब्ध होने पर सभा पटल पर रख दी जायेगी।

नागा लोगों से शांति वार्ता

1350. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 28 नवम्बर, 1964 को भारत सरकार के प्रतिनिधि मण्डल तथा छिपे हुए नागा नेताओं के बीच वार्ता के चौथे दौर के कुछ परिणाम निकले हैं; और

(ख) यदि हां, तो यह विषय इस समय किस अवस्था में है ?

वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : इस वार्ता के दौरान छिपे प्रतिनिधियों को यह स्पष्ट कर दिया गया है कि नागा समस्या का राजनतिक हल भारत संघ के अन्दर रहने के आधार पर ही हो सकता है। वार्ता कुछ समय के लिए बन्द कर दी गई है और आशा है कि इस को इस मास के अन्त में पुनः आरम्भ किया जायेगा।

भारतीय प्रलेखीय चलचित्र

1351. **श्री राम हरख यादव :**
श्री मुरली मनोहर :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तीन भारतीय प्रलेखीय चलचित्रों ने 1964 में विदेशों में हुये अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त करने वालों चलचित्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारतीय चलचित्र विभाग ने अपनी स्थापना के पश्चात अब तक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोहों में कितने पुरस्कार प्राप्त किये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) तथा (ख) जी हां, तीन भारतीय प्रलेखीय चलचित्र, जिन्होंने 1964 के दौरान विदेशों में हुए अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोहों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, ये हैं:–

(i) 'दी डांसिंग फीट' : जिस ने जेनोआ नारी, इटली में चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य पर चलचित्रों के पुनरीक्षण (जुलाई, 1964) में लोक नृत्य पर सर्वोत्तम चलचित्र होने के नाते जेनोआ नगर कप जीता ।

(ii) 'ए ग्रेट प्रोब्लम' : जिस को 'रायल सोसाइटी आफ आर्टस,' लन्दन द्वारा अगस्त, 1964 में किये गये राष्ट्रमण्डलीय चलचित्र पुरस्कार समाहरोह में सर्वोत्तम प्रलेखीय चलचित्र समझा गया ।

(iii) 'वन डे': पूना चलचित्र संस्था के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चलचित्र जिस ने सान-फ्रांसिसको अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोह (अक्तूबर, 1964) में कला पर सर्वोत्तम चलचित्र होने के नाते 'गोल्डन गेट' पुरस्कार जीता ।

(ग) चलचित्र डिवीजन ने अपनी स्थापना से ले कर अब तक 244 पुरस्कार प्राप्त किए हैं ।

'एच. जे. टी-जेट ट्रेनर'

1352. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री सुरेन्द्र पाल सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान एयरक्राफ्टस लिमिटेड ने हाल ही में एक आधुनिक 'जेट ट्रेनर' विमान एच० जे० टी०-16 तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो इस की प्रति घंटा सामान्य रफ्तार क्या है; और

(ग) इस की लागत, और निर्माण में प्रयोग में लाये गये देशीय तथा विदेशी पुर्ज़ों की मात्रा क्या है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) जी, हां ।

(ख) 350–400 †नाटस्

(ग) प्रति विमान अनुमानित लागत लगभग 13 लाख रुपये है । आशा है कि श्रेणीबद्ध उत्पादन होने वाले विमान के मूल्य के आधार पर देशीय पुर्ज़े 55 प्रतिशत होंगे ।

†Knots.

लंका में भारतीय

1353. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री कण्डप्पन :

क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लंका सरकार ने हाल में सरकार को आश्वासन भेजा है कि अन्ततः सभी भारतीय उद्भव के पंजीकृत भारतियों को राष्ट्रीय निर्वाचक सम्बन्धी रजिस्टर में रखा जायेगा;

(ख) यदि हां, तो यथार्थ आश्वासन क्या है; और

(ग) सरकार की इस के सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) से (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

केंद्रीय सूचना सेवा

1354. **श्री रा० बरुआ** : क्या **सूचना** और **प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सूचना सेवा श्रेणी चतुर्थ में नियुक्ति के लिये अन्तिम परीक्षा कब हुई थीं;

(ख) क्या परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये थे और इस के फलस्वरूप सुसंगत पदों के लिये कितनी नियुक्तियां की गई थी; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) केन्द्रीय सूचना सेवा की चतुर्थ श्रेणी में आरम्भिक रचना सम्बन्धी 171 रिक्त स्थानों के लिये भर्ती करने के उद्देश्य से 2 और 3 जून, 1964 को संघ लोक सेवा आयोग ने एक लिखित परीक्षा ली थी ।

(ख) परीक्षा के परिणाम अभी घोषित नहीं किये गये हैं ।

(ग) आयोग के परामर्श से कुछ व्यक्तियों को, जिन को 1 जुलाई, 1954 और 16 फरवरी, 1959 के बीच में उन पदों पर नियुक्त किया गया था जो अब सेवा की चतुर्थ श्रेणी के अन्तर्गत आ गये हैं, सेवा की आरम्भिक रचना के लिये नियुक्तियों के प्रयोजन से हाल ही में वैभागिक पदाभिलाषियों के तौर पर घोषित किया गया है । कुछ और व्यक्तियों को, जिन को ऐसे पदों के लिये 15 फरवरी, 1959 से 1 मार्च, 1960 के बीच नियुक्त किया गया था, घोषित करने का प्रश्न आयोग के परामर्ष से विचाराधीन है । चुनाव समिति द्वारा इन पदाभिलाषियों के परीक्षण के पश्चात लिखित परीक्षा के आधार पर भरे जाने वाले रिक्त स्थानों की संख्या में परिवर्तन आ जायेगा । अतः परीक्षा के परिणाम को घोषणा करने तथा इस के फलस्वरूप नियुक्तियां करने में देरी हो गई ।

Double-member Wards in Delhi Cantonments

1555. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
Shri Bade :
Shri Y.S. Chaudhary :

Will the Minister of **Defence** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1710 on the 16th December, 1963 and state :

(a) the names of Cantonments where double-member wards still exist as also the names of Cantonments where such wards have been abolished; and

(b) the reasons for keeping double-member wards system in certain Cantonments only?

The Minister of Defence (Shri Yeshwantrao B. Chavan) : (a) (i) Double-member Wards exist in the Cantonments at Agra, Ahmedabad, Ahmednagar, Allahabad, Ambala, Aurangabad, Babina, Bareilly, Belgaum, Dehra Dun, Dehu Road, Delhi, Deolali, Ferozepore, Jhansi, Jullundur, Kasauli, Kirkee, Lucknow, Mathura, Mhow, Morar, Nasirabad, Poona, Ranikhet, Saugor, Secunderabad, St. Thomas Mount-*cum*-Pallavarium and Wellington.

(ii) Double-member Ward has been abolished in Kamptee Cantonment only as the population of the Scheduled Castes/Tribes in this Cantonment has fallen below the prescribed percentage on the basis of which a reserved seat is determined.

(b) Double-member Wards exist in the Cantonments where the Scheduled Castes/Tribes population bears not less than a prescribed percentage to the total civil population of that Cantonment. Such two member wards ensure better representation both for the Scheduled Castes and the other sections of the population than single member wards.

Civil Area in Delhi Cantt.

1356. **Shri Bade :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Y.S. Chaudhary :

Will the Minister of **Defence** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1315 on the 9th December, 1963 and state :

(a) whether a decision has since been taken regarding the extension of the civil area in Sadar Bazar, Delhi Cantonment ;

(b) if so, the nature and brief details thereof; and

(c) if not, the reasons for the delay in arriving at a decision and the exact date when a decision is expected to be taken in the matter?

The Minister of Defence (Shri Yeshwantrao B. Chavan) : (a) Yes, Sir.

(b) Government has decided to extend the notified civil area in Delhi Cantonment to include additional 28½ acres of land approximately. This land, partly vacant and partly built upon, is adjacent to the existing western boundary of the Sadar Bazar notified under Section 43A of the Cantonments Act and extends upto the limits of old Indian Military Hospital on the south and upto the junction of the Sadar Bazar Road and Kotwali Road on the north.

(c) Does not arise.

"मिडियम वेव" सेवा

